रोहतक
शुक्रवार, 3 अक्टूबर 2025
अश्विन मास शुक्ल पक्ष,
एकादशी वर्ष : 29, अंक : 244
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 36.0
न्यून. 20.3

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



8 सर क्रीक में की 'हिमाकत' तो बदल देंगे इतिहास और भूगोल : राजनाथ






हरिभूमि राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
पाठक सर्वे योजना हरियाणा
माह : अक्तूबर
दिनांक : 3 अक्तूबर 2025

## खबर संक्षेप

### पूरे देश में बिहार मॉडल अपनाएगा चुनाव आयोग

**नई दिल्ली।** देश में जल्द ही सभी राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण का




अभ्यास शुरू होगा, जिसमें बिहार जैसी प्रक्रिया अपनाई जाएगी। बिहार में इस अभ्यास के दौरान लाखों मृतक और अवैध नाम मतदाता सूची से हटाए गए थे। चुनाव आयोग का मानना है कि जन्म और मृत्यु रजिस्ट्रार के डाटा को मतदान प्रणाली से जोड़ने से यह समस्या स्थायी रूप से हल हो जाएगी। *एजेंसी*

### छत्तीसगढ़-बिहार में बिजली गिरने से 7 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** देश में मानसून सीजन 30 सितंबर को खत्म हो गया, लेकिन कई राज्यों में बारिश का दौर जारी है। छत्तीसगढ़ में बारिश और बिजली गिरने से 4 लोगों की मौत हो गई है। राज्य के 28 जिलों में गुरुवार से अगले 3 दिनों तक तेज बारिश का अलर्ट है। बिहार के बक्सर और नवादा जिले में बुधवार को बिजली गिरने से 3 लोगों की मौत हो गई। राज्य के 35 जिलों में आज भी भारी बारिश के साथ तेज हवाएं और बिजली गिरने की आशंका है। राज्य में 7 अक्टूबर तक बारिश का दौर जारी रहेगा। *एजेंसी*

### बदरीनाथ धाम के कपाट 25 नवंबर को बंद होंगे

**चमोली।** बदरीनाथ धाम के कपाट 25 नवंबर को शीतकाल के लिए



बंद होंगे। वीरवार को पंचांग गणना के बाद तिथि तय की गई। बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने की तिथि तय करने के लिए मंदिर परिसर में दोपहर बाद धार्मिक समारोह आयोजित किया गया। बदरीनाथ-केदारनाथ समिति के मीडिया प्रभारी डा. हरीश गौड़ ने गुरुवार को ये जानकारी दी।

# धूमधाम से मना दशहरा, बारिश ने रावण दहन में डाला खलल



सीएम सैनी ने पंचकूला के कार्यक्रम में की शिरकत

रिमोट खराब होने से नहीं कर पाए रावण दहन

*प्रदेश में 100 से ज्यादा जगहों पर हुआ कार्यक्रम*

*पानीपत, सोनीपत यमुनागर, झज्जर में बारिश, अंबाला में कार्यक्रम रद्द*

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** प्रदेश में गुरुवार को दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया गया। शाम को रावण का दहन किया गया। प्रदेश में 100 से ज्यादा जगह पर कार्यक्रम हुए, हालांकि कई जिलों में बारिश ने रावण दहन में खलल डाला। पंचकूला में सीएम नायब सैनी 181 फीट ऊंचे रावण का दहन करने पहुंचे। यहां रिमोट कंट्रोल से रावण का दहन किया जाना था। लेकिन रिमोर्ट न चलने के कारण सीएम रावण का दहन नहीं कर सके। जिस कारीगर ने रावण के पुतले को बनाया था, उसी ने ही पुतले को आग लगाई। वहीं, हिसार में रावण और कुंभकर्ण के पुतले नहीं जल पाए। अंबाला कैंट के रामबाग ग्राउंड में बारिश के बीच पुतलों को आग लगाई गई लेकिन रावण का पुतला पूरा नहीं जल सका। इसके बाद पुतले को गिरा दिया गया। इस बीच यहां दर्शकों के बीच आतिशबाजी की गई। इस पर लोग इधर-उधर भागे। इसके साथ यहां रामलीला रद्द कर दी गई।

देशभर में रही पर्व की धूम

## कोटा में रिकॉर्ड 221 फीट ऊंचा रावण जला



- राष्ट्रपति मुर्मू ने तीर चला किया रावण का दहन
- पीएम मोदी नहीं हो पाए कार्यक्रम में शामिल
- जम्मू कश्मीर से लेकर यूपी बिहार तक जले पुतले

**नई दिल्ली।** देशभर में गुरुवार को दशहरा पर्व मनाया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दिल्ली में श्री धार्मिक लीला समिति की लवकुश रामलीला में शामिल हुईं। उन्होंने तीर चलाकर रावण का दहन किया। दिल्ली में भारी बारिश के कारण पीएम नरेंद्र मोदी इंद्रप्रस्थ के दशहरा और अमित शाह पीतमपुरा के दशहरा कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए। यहां 72 फीट ऊंचे रावण का दहन किया गया। सुरक्षा के मद्देनजर 20 हजार जवान तैनात किए गए थे। राजस्थान के कोटा में विश्व के सबसे ऊंचे 221 फीट के रावण का दहन किया गया। वहीं, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू-कश्मीर, कर्नाटक, महाराष्ट्र, झारखंड समेत कई राज्यों में रावण का दहन हुआ। बिहार के पटना में स्थित गांधी मैदान में बिहार के सबसे ऊंचे 80 फीट के रावण का पुतला जलाया गया। *(पेज 5 भी देखें)*

## केंद्रीय गृहमंत्री आज रोहतक और कुरुक्षेत्र दौरे पर

# शाह प्रदेश को देंगे 825 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात

1. पांच नर्सिंग कॉलेज पुलिस लाइन के 84 आवासों का उद्घाटन
2. 300 बिस्तरों वाले अस्पताल का शिलान्यास करेंगे
3. रोहतक में साबर डेयरी प्लांट के संयंत्र का करेंगे उद्घाटन



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह 3 अक्तूबर को हरियाणा दौरे पर होंगे। वे रोहतक और कुरुक्षेत्र आएंगे। इस दौरान वे प्रदेश को 825 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात देंगे। सहकारिता को बढ़ावा देने की दिशा में गृहमंत्री शाह रोहतक आईएमटी में साबर डेयरी के नवनिर्मित संयंत्र का उद्घाटन करेंगे। इस परियोजना पर 325 करोड़ रुपये की राशि खर्च की गई है। वे साबर डेयरी प्लांट में स्थापित की गई मशीनों का शुभारंभ करेंगे। संयंत्र के शुरू होने से लगभग एक हजार व्यक्तियों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार के अवसर मिलेंगे। साबर डेयरी द्वारा रोहतक में निर्मित यह भारत का सबसे बड़ा दही, छाछ व योगर्ट उत्पादन संयंत्र है। संयंत्र की 150 मीट्रिक टन प्रतिदिन दही उत्पादन क्षमता, 3 लाख लीटर प्रतिदिन छाछ उत्पादन क्षमता, 10 लाख लीटर प्रतिदिन योगर्ट उत्पादन क्षमता है।

### एक हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

#### ये सौगात देंगे

शाह कुरुक्षेत्र से प्रदेश की 825 करोड़ रुपए की लागत की 19 परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास करेंगे। इनमें प्रदेश के 262 करोड़ 51 लाख रुपए की लागत से तैयार पांच नर्सिंग कॉलेज, पुलिस लाइन जींद के 84 आवासों, नारनौल के पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह व ब्लॉक का उद्घाटन और 562 करोड़ 49 लाख की 11 परियोजनाओं का शिलान्यास किया जाएगा।

#### खादी उद्योग भारत की पहचान

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रोहतक के महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित खादी कारीगर महोत्सव में 2200 कारीगरों को टूल किट भी वितरित करेंगे। खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के तहत केंद्रीय सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा स्वदेशी से स्वावलंबन थीम के तहत आयोजित खादी कार्यक्रम महोत्सव में आधुनिक मशीनों, टूल किट (2200 कारीगरों) एवं पीएमईजीपी की 301 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी का वितरण भी करेंगे। खादी उद्योग विकसित भारत की पहचान बन रहा है।

#### आपराधिक कानूनों पर प्रदर्शनी का उद्घाटन

शाह कुरुक्षेत्र में नए आपराधिक कानूनों पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। यह महत्वपूर्ण प्रदर्शनी 5 दिनों तक चलेगी, जिसमें अधिवक्ता, छात्र, अभिभावक और आम नागरिक शामिल होकर आपराधिक न्याय प्रणाली में हुए बदलावों को समझ सकें। नए कानून से हुए परिवर्तन और उपलब्धियों को प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। इसमें 7 अलग-अलग विभागों की भूमिका को भी दर्शाया जाएगा। प्रदर्शनी को 10 भागों में विभाजित किया गया है।

#### आपराधिक कानूनों को लागू करने की पहल

सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की न्याय व्यवस्था को समयानुकूल और आधुनिक बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए नए आपराधिक कानूनों को लागू करने की पहल की है। उनकी सोच रही है कि आम नागरिकों को न्याय सुलभ, सरल और त्वरित रूप से मिलना चाहिए तथा कानूनों का स्वरूप ऐसा हो जो जनता के अधिकारों की रक्षा करते हुए उन्हें विश्वास और सुरक्षा का अनुभव कराए। सरकार ने वर्षों से चले आ रहे पुराने दंड संहिताओं को बदलकर एक ऐसी व्यवस्था प्रस्तुत की है, जो न केवल विभागों के कार्य को सरल बनाती है बल्कि नागरिकों को भी त्वरित और पारदर्शी न्याय दिलाने में सहायक सिद्ध हो रही है।

### एमपी के खंडवा में दुर्गा विसर्जन के दौरान हादसा

# ट्रैक्टर-ट्रॉली तालाब में गिरी 35-40 लोग डूबे, 11 की मौत

**खंडवा (एजेंसी)।** मध्य प्रदेश के खंडवा में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान ट्रैक्टर-ट्रॉली तालाब में गिर गई। हादसे में 8 बच्चियों समेत 11 लोगों की मौत हो गई। तीन लोगों की हालत गंभीर है। करीब 35 से 40 लोगों के डूबने की जानकारी मिली है। घटना खंडवा में पंधाना के पास अर्दला गांव में गुरुवार शाम 4 बजे हुई। यहां देवी विसर्जन के लिए कच्चे पुल पर खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली तालाब में पलट गई, जिससे उसमें सवार सभी लोग पानी में जा गिरे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हादसे को लेकर 'एक्स' पर शोक जताया। उन्होंने जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिजन को दो-दो लाख की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की।



मृतकों में 8 बच्चियां तीन की हालत गंभीर

#### करीब 50 फीट पानी

प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली जहां गिरी, वहां करीब 50 फीट गहरा पानी है। 9 लोगों को तो हमने ही बाहर निकाला। इनको पंधाना अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने 3 को जीवित बताया। उनको लेकर खंडवा जिला अस्पताल पहुंचे।

### खुफिया जानकारी भेज रहा

## पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में यूट्यूबर गिरफ्तार

**पलवल (हरिभूमि न्यूज)।** पुलिस ने वसीम अकरम नाम के एक यूट्यूबर को पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) और उसके उच्चायोग के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी 26 सितंबर को जासूसी के आरोप में पकड़े गए आलीमेव गांव निवासी तौफीक से पूछताछ के बाद की गई। पुलिस के अनुसार, कोट गांव निवासी अकरम यूट्यूबर है। उसने यूट्यूब पर मेवात के इतिहास पर वीडियो पोस्ट किए थे। वह पिछले 3 साल से पाकिस्तानी एजेंटों के संपर्क में था।



3 साल पहले पाक एजेंट के संपर्क में आया

### सुरक्षाबलों को मिली कामयाबी

## 103 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

**बीजापुर (भाषा)।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में 103 माओवादियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। आत्मसमर्पण करने वाले 49 माओवादियों पर कुल 1.63 करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। हथियार डालने वाले माओवादियों में 22 महिलाएं भी शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों में डिविजनल कमेटी सदस्य लच्छु पूनेम ऊर्फ संतोष (36), प्लाटून पार्टी कमेटी सदस्य गुड्डू फरसा उर्फ विजय (30), भीमा सोढी उर्फ कमल सिंह (45) शामिल हैं।



छत्तीसगढ़ के बीजापुर में छोड़े हथियार

### 'पद्म विभूषण' से सम्मानित

## शास्त्रीय गायक पंडित छन्नूलाल का निधन

**नई दिल्ली/मिर्जापुर (उप्र) (भाषा)।** प्रख्यात हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायक पंडित छन्नूलाल मिश्र का बृहस्पतिवार सुबह निधन हो गया। वह 89 वर्ष के थे। वह पिछले काफी दिनों से बीमार थे। पीएम मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट साझा कर गायक के निधन पर शोक जताया है। वह 2014 में वाराणसी सीट से मोदी के प्रस्तावक भी रहे थे। आजमगढ़ में 1936 में जन्मे मिश्र हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत में पारंगत थे। उन्होंने खयाल, ठुमरी, दादरा, चैती, कजरी और भजन जैसी विधाओं में महत्वपूर्ण योगदान दिया।



खयाल, ठुमरी, दादरा जैसी विधाओं में योगदान

# किसी आरोपित के पास स्थायी घर न होना जमानत से इनकार करने का आधार नहीं

**महंगाई के चलते बहुत से लोग स्थायी मकान नहीं खरीद पाते, ऐसे में केवल स्थायी पते के अभाव में जमानत न देना न्याय के साथ अन्याय : हाईकोर्ट**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने जमानत कानून को लेकर एक अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि किसी आरोपित के पास स्थायी घर न होना जमानत से इनकार करने का आधार नहीं बन सकता। कोर्ट ने कहा कि आज के दौर में महंगाई और आसमान छूती प्रॉपर्टी दरों के




चलते बहुत से लोग स्थायी मकान नहीं खरीद पाते और किराये का घर लेना भी आसान नहीं रह गया है। ऐसे में केवल स्थायी पते के अभाव में जमानत न देना न्याय के साथ अन्याय होगा। हाईकोर्ट ने कहा, जब किसी व्यक्ति पर आरोप लगते हैं, तो सिर्फ इस आधार पर जमानत से इनकार करना कि उसके पास स्थायी निवास नहीं है, न्यायिक चूक होगी।

#### धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात से जुड़ा केस

मामला गुरुग्राम में पिछले साल दर्ज एक धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात केस से जुड़ा था। राज्य और शिकायतकर्ता ने आरोपित की जमानत का विरोध किया था और दलील दी थी कि उसके पास कोई स्थायी ठिकाना नहीं है, जिससे वह "फरार होने का जोखिम" है। हाई कोर्ट ने इस तर्क को खारिज करते हुए कहा कि आज बड़ी आबादी मकान नहीं खरीद सकती और किराये पर रहना भी मुश्किल है। यह स्थिति आम है, न कि जमानत रोकने का कानूनी कारण। कोर्ट ने यह भी कहा कि स्थायी पता होने से भी गारंटी नहीं मिलती कि आरोपित फरार नहीं होगा।

## निर्भरता मजबूरी न बने, सुरक्षा के लिए सतर्क और ताकतवर बनना होगा

हिंदू समाज का संगठित स्वरूप भारत की सुरक्षा की गारंटी



# पहलगाम हमले के बाद दूसरे देशों के रुख से पता चला कि कौन भारत का मित्र : भागवत

*अमेरिका ने जो नई टैरिफ नीति अपनाई उसकी मार सभी पर पड़ रही है। इसलिए दुनिया में आपसी संबंध बनाने पड़ते हैं। आप अकेले नहीं जी सकते, लेकिन ये निर्भरता मजबूरी में न बदल जाए। इसलिए हमको मजबूरी न बनाते हुए आत्मनिर्भर होना पड़ेगा।*

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने गुरुवार को कहा, 'पहलगाम हमले में आतंकियों ने धर्म पूछकर हिंदुओं की हत्या की। हमारी सरकार और सेना ने इसका जवाब दिया। इस घटना से हमें दोस्त और दुश्मन का पता चला।' उन्होंने कहा कि हमें अंतरराष्ट्रीय संबंधों में समझ रखनी होगी। पहलगाम घटना हमें सिखा गई कि भले ही हम सभी के साथ दोस्ती का भाव रखते हैं और रखेंगे, लेकिन हमें अपनी सुरक्षा के प्रति और अधिक सजग, समर्थ रहना पड़ेगा।

- पूरी दुनिया भारत की तरफ देख रही

#### संगठन का शताब्दी समारोह

आरएसएस प्रमुख ने नागपुर में विजयादशमी पर संगठन के शताब्दी समारोह को संबोधित किया। उन्होंने 41 मिनट के भाषण में समाज में आ रहे बदलाव, सरकारों का रवैया, लोगों में बेचैनी, पड़ोसी देशों में उथल-पुथल, अमेरिकी टैरिफ का जिक्र किया। भागवत ने आरएसएस के संस्थापक डॉ हेडगेवार को श्रद्धांजलि दी।

#### दुनिया में अराजकता का माहौल

आज पूरी दुनिया में अराजकता का माहौल है। ऐसे समय में पूरी दुनिया भारत की तरफ देखती है। आशा की किरण ये है कि देश की युवा पीढ़ी में अपने देश और संस्कृति के प्रति प्रेम बढ़ा है। समाज खुद को सक्षम महसूस करता है और सरकार की पहल से खुद ही समस्याओं का निदान करने की कोशिश कर रहा है। बुद्धिजीवियों में भी अपने देश की भलाई के लिए चिंतन बढ़ रहा है।'

# कार्यकर्ता पूरी मजबूती के साथ पार्टी के लिए करें काम : कैप्टन अभिमन्यु

## मार्केट कमेटी बास के नवनियुक्त चेयरमैन शमशेर मोर ने पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद

**विजयदशमी के पर्व पर कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया**

कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाने के लिए प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु ने विजयदशमी के शुभ अवसर पर उनसे संवाद कर ऊर्जा भरने का काम किया और पार्टी को मजबूत करने के लिए कार्यकर्ताओं को मूल मंत्र दिए। रोहतक स्थित सिन्धु भवन में नवनियुक्त मार्केट कमेटी बास के चेयरमैन शमशेर मोर एवं वाइस चेयरमैन आजाद शर्मा सहित सैकड़ों ग्रामीणों ने कैप्टन अभिमन्यु का हार्दिक आभार व्यक्त किया गया। कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर पार्टी को आगे बढ़ाने का काम करें।



### प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में विकास कार्य लगातार हो रहे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में विकास कार्य लगातार हो रहे हैं। आज हर योजना को ऑनलाइन करके हर उसे व्यक्ति को लाभ पहुंचाया जा रहा है जो कि उसका पात्र हैं। पहले लोगों को लाभ पहुंचाने वाली योजनाओं का पैसा बीच में ही रह जाता था और गरीब व्यक्ति खाली हाथ रह जाता था लेकिन आज परिस्थितियां बदल चुकी है। जिन भी कार्यकर्ताओं को जो जिम्मेवारियां सौंपी गई है, वे उनको पूरी मेहनत में लगन के साथ पूरा करने का काम करें और व्यापारी, गरीब मजदूर और किसान की मदद करने का काम करें।

### ये बोले चेयरमैन

नवनियुक्त मार्केट कमेटी के चेयरमैन शमशेर मोर ने कैप्टन अभिमन्यु द्वारा जताए गए विश्वास और मार्गदर्शन को प्रेरणास्रोत बताते हुए कहा कि वे किसानों और व्यापारियों के हितों की रक्षा करते हुए पूरी निष्ठा और ईमानदारी से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। इस अवसर पर पूर्व खाप प्रधान इंदर सिंह मोर, मनीराम मोर, अमित मोर, शंकर शांडिल्य, राममेर मोर, सुंदर मोर, सुभाष पहलवान, मास्टर अमित मोर, सरपंच विनोद मोर, शमशेर नंबरदार, जोगिंदर मास्टर, जोरा मोर, महाबीर मोर, इंस्पेक्टर साधूराम, बलवान प्रधान, राजेश चेयरमैन, सोनू कोहाड, कुलदीप चेयरमैन, मंडल अध्यक्ष सोनू सैनी, बलवान खांडा, जिला पार्षद, विजेंद्र उगालन, राजू खरब राजेश सिंधु सहित अन्य मौजूद रहे।

## आरएसएस का शताब्दी वर्ष राष्ट्र के लिए गर्व और गौरव का विषय

**चंडीगढ़।** पूर्व वित्तमंत्री व वरिष्ठ भाजपा नेता कैप्टन अभिमन्यु ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होना सम्पूर्ण राष्ट्र के लिए गर्व और गौरव का विषय है। यह केवल संगठन की शताब्दी नहीं, बल्कि राष्ट्रभक्ति, संगठन, सेवा और संस्कारों की सौ वर्षीय साधना का उत्सव है। उन्होंने कहा कि 1925 की विजयादशमी को डॉ. हेडगेवार जी द्वारा प्रज्वलित किया गया वह दीपक आज करोड़ों स्वयंसेवकों के जीवन में त्याग, अनुशासन और समर्पण का आलोक बन चुका है।उन्होंने कहा कि संघ की यह यात्रा हमें हमारे ऋषि-मुनियों की वाणी की याद दिलाती है, चरैवेति-चरैवेति, यानी रुकना नहीं, थकना नहीं, हारना नहीं, निरंतर चलते रहना है, निरंतर कर्म करते रहना है।

## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय वन्यजीव सप्ताह का शुभारंभ

**चंडीगढ़।** गुरुग्राम में राज्य स्तरीय वन्यजीव सप्ताह समारोह 2025 का आयोजन किया गया। वन्यजीव संरक्षण, जैव विविधता सुरक्षा और पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम मानेसर स्थित अरावली क्षेत्र में राम मंदिर परिसर में आयोजित किया। कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा के पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने की।

### एमएसपी में हुई ऐतिहासिक बढ़ोतरी

**चंडीगढ़।** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्रिमंडल को रबी सीजन 2026-27 के लिए सभी अधिसूचित फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में ऐतिहासिक बढ़ोतरी के लिए बधाई दी। उन्होंने इसे ऐतिहासिक और किसान हितैषी कदम बताते हुए कहा कि यह बढ़ोतरी न केवल लाखों किसानों की आजीविका सुनिश्चित करेगी बल्कि हाल ही में अमेरिकी सरकार द्वारा भारतीय कृषि निर्यात पर लगाए गए टैरिफ का भी सशक्त जवाब है।

### किसानों को खाद उपलब्ध करवाए सरकार

**चंडीगढ़।** हिसार जिले के श्यामसुख गांव में घटना को लेकर किसान मजदूरों में नाराजगी व्याप्त है। डीएपी खाद लेने के लिए किसान कतारों में खड़े रहे, लेकिन प्रशासन खाद वितरण की व्यवस्था संभालने में पूरी तरह नाकाम रहा। अव्यवस्था बढ़ने पर स्थिति संभालने की बजाय पुलिस ने किसानों पर लाठियां चला दीं, जिससे हालात और अधिक तनावपूर्ण हो गए भारतीय किसान यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष रतनमान ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि अन्नदाता देश की रीढ़ है। वही किसान जब अपनी फसल बचाने के लिए खाद लेने पहुंचे और उन पर सरकार लाठियाँ बरसवाए, तो यह लोकतंत्र और संवैधानिक अधिकारों का खुलेआम उल्लंघन है। इसका विरोध किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने फरीदाबाद के सूरजकुंड में किया दिवाली मेला का शुभारंभ

# वोकल फॉर लोकल, आत्मनिर्भरता व स्वदेशी से बनेगा विकसित भारत

**दिवाली मेला का थीम आत्मनिर्भर भारत-स्वदेशी मेला और वी यूनाइट फैमिलीज**





हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य रखा है। विकसित भारत का मार्ग वोकल फॉर लोकल, आत्मनिर्भरता और स्वदेशी से होकर जाता है। उन्होंने यह बात वीरवार को फरीदाबाद के सूरजकुंड में दिवाली मेला का शुभारंभ करने के उपरांत उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कही। नायब सिंह सैनी ने विजय दशमी की बधाई देते हुए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर श्रद्धासुमन भी अर्पित किए। उन्होंने कहा कि इस बार दिवाली मेला का थीम आत्मनिर्भर भारत-स्वदेशी मेला और वी यूनाइट फैमिलीज है। जिस प्रकार स्वतंत्रता आंदोलन को स्वदेशी के मंत्र से ताकत मिली, वैसे ही देश की समृद्धि को भी स्वदेशी के मंत्र से शक्ति मिलेगी। हमें वो सामान खरीदने चाहिए जोकि मेड इन इंडिया हो, जिसमें देश के नौजवानों की मेहनत लगी हो।

### स्वदेशी से भारतवर्ष बना था सोने की चिड़िया

मुख्यमंत्री ने कहा कि इतिहास से पता चलता है कि जब भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था, उस काल की समृद्धि में स्वदेशी का बड़ा योगदान था। मुख्यमंत्री ने कहा कि 7 अक्टूबर तक चलने वाला यह मेला उत्सव एवं मनोरंजन के साथ-साथ स्थानीय व्यापार, संस्कृति और कला को बढ़ावा देने का एक सशक्त मंच है। स्वदेशी का उत्सव दिवाली मेला देश के शिल्पकारों का मनोबल भी बढ़ाता है। उन्होंने मेला में पहले ही दिन पहुंचे लोगों से कहा कि आप यहां से सामान खरीदेंगे तो न केवल शिल्पकारों को प्रोत्साहन मिलेगा बल्कि देश आत्मनिर्भरता की ओर आगे बढ़ेगा।



### दिवाली मेले में लघु भारत की तस्वीर : नायब सिंह सैनी



उन्होंने कहा कि दिवाली मेला में प्रदर्शित की गई कलाकृतियां, उत्पाद, गीत व संगीत लघु भारत की तस्वीर प्रस्तुत करते हैं। साथ ही कल्चर जोन में एक भारत-श्रेष्ठ भारत की झलक देखने को मिलती है। यह मेला ग्रामीण उत्पादकों को शहरी उपभोक्ताओं की पसंद को जानने का भी अवसर प्रदान करता है। उन्होंने मेला के आयोजन के लिए पर्यटन विभाग, शिल्पकारों, गीत-संगीत के दलों की प्रशंसा भी की। इससे पहले उन्होंने मेला परिसर का भ्रमण भी किया और मेला के प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन भी किया। मुख्य चौपाल में कार्यक्रम के शुभारंभ से पहले मुख्यमंत्री ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. लाल बहादुर शास्त्री के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस मौके पर वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

## फरीदाबाद नमो वन में पौधरोपण

# प्रदेश में 75 नमो वन विकसित किए जाएंगे



**सीएम बोले विकास और पर्यावरण, एक ही सिक्के के दो पहलू**

**फरीदाबाद।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विकास और पर्यावरण, एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। एक के बिना दूसरा अधूरा है। बृहस्पतिवार ।के फरीदाबाद में आयोजित यह मेगा पौधारोपण अभियान उसी संतुलित विकास की दिशा में एक और निर्णायक कदम है। मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं भी दी। मुख्यमंत्री के साथ राजस्व एवं शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, खाद्य एवं आपूर्ति राज्य मंत्री राजेश नागर सहित अन्य गणमान्य लोगों ने भी सेक्टर 9 हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की ग्रीन बेल्ट परिसर में पौधारोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। गौरतलब है कि हरियाणा प्रदेश में 75 नमो वन बनाने के लिए स्थान चिन्हित कर उनमें पौधारोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति सरकार प्रभावी रूप से कदम उठा रही है।

## पराली जलाने पर सख्ती

# 22 किसानों के रिकार्ड में रेड एंट्री, दो सीजन फसल नहीं बचे सकेंगे

चंडीगढ़। प्रदेश में पराली जलाने वाले किसानों पर अब विभाग और सरकार सख्ती के मूड में हैं । यही कारण है कि 22 किसानों के रिकार्ड में रेड एंट्री हो चुकी है।किसान अगले दो सीजन तक अनाज मंडियों में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अपनी फसल नहीं बेच सकेंगे। किसानों पर जुर्माने और एफआईआर दर्ज कराने के साथ ही उन अधिकारियों से भी जवाब तलब किया जाएगा।वैसे,आने वाले त्योहारी सीजन में मामले तेजी से बढ़ने की प्रबल संभावनाएं हैं, क्योंकि पिछले अनुभव भी इसी तरह के रहे हैं। फिलहाल, प्रदेश में पराली जलाने के 17 मामले सामने आए हैं। चरखी दादरी में 15, जींद में चार, करनाल में दो और फतेहाबाद में एक किसान के खिलाफ कार्रवाई की गई है।

## सिरसा सांसद सैलजा बोलीं

### धान की समय पर खरीद और उठान सुनिश्चित करे सरकार

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने प्रदेश की मंडियों में पड़े लाखों टन धान के उठान में देरी और मौसम विभाग की ओर से आगामी दिनों में वर्षा की संभावना को देखते हुए गहरी चिंता व्यक्त की है। इस समय मंडियों में लगभग चार लाख टन धान खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है, जिस पर बारिश का सीधा असर पड़ सकता है।सैलजा ने कहा है कि प्रदेश की मंडियों में अब तक लगभग 5.30 लाख मीट्रिक टन धान पहुँचा है, जिसमें से केवल 3.77 लाख मीट्रिक टन की ही खरीद हुई है। चिंताजनक बात यह है कि खरीदे गए धान का भी केवल 89 हजार मीट्रिक टन ही मंडियों से उठान हो पाया है। इस समय मंडियों में लगभग चार लाख टन धान खुले आसमान के नीचे पड़ा हुआ है।



## हाईकोर्ट की पुलिस कर्मियों को बड़ी राहत

# एसीपी लाभ बहाल करने का आदेश

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने हरियाणा पुलिस के वायरलेस और टेलीकाम विंग से जुड़े कर्मचारियों को बड़ी राहत देते हुए राज्य सरकार द्वारा छीने गए एश्योर्ड करियर प्रोग्रेशन (एसीपी) लाभ को बहाल करने का आदेश दिया है। अदालत ने सरकार के उन आदेशों को रद्द कर दिया है जिनके तहत पुलिसकर्मियों का एसीपी रोक लिया गया था। यह मामला चंचल रानी एवं अन्य बनाम राज्य हरियाणा से संबंधित था। याचिकाकर्ताओं ने वर्ष 1989 में पुलिस सेवा ज्वाइन की थी और नियमों के अनुसार वर्ष 1999 में 10 वर्ष की सेवा पूरी करने पर उन्हें प्रथम एसीपी का लाभ दिया गया था। लेकिन सरकार ने बाद में यह लाभ वापस ले लिया और तर्क दिया कि इन कर्मचारियों ने प्रमोशन के लिए जरूरी पुलिस वायरलेस ऑपरेटर (पीडब्ल्यूओ) कोर्स नहीं किया। सरकार ने अपने पक्ष में यह भी कहा कि कर्मचारियों ने स्वयं शपथपत्र देकर यह स्वीकार किया था कि वे कोर्स नहीं करना चाहते और न ही उससे जुड़ा कोई लाभ लेना चाहते हैं, इसलिए उन्हें एसीपी से वंचित करना उचित है।

## हाईकोर्ट की अवमानना मामला

# रामपाल व शिष्य माफी मांगने को तैयार

**चंडीगढ़।** हाई कोर्ट की अवमानना का सामना कर है कथित संत राम पाल व उसके साथी अपना अपना दोष स्वीकार करने को तैयार हैं। हाई कोर्ट में राम पाल के वकील ने कहा कि आरोपितों को घटना पर पछतावा है और वे भविष्य में किसी भी परिस्थिति में इस तरह की गलती दोहराने का साहस नहीं करेंगे। साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि वे अदालत और उसके आदेशों की गरिमा का सम्मान करेंगे। ज्ञात रहे कि हाई कोर्ट ने न्यायपालिका के खिलाफ राम पाल व उसके साथियों के रवैये पर कड़ा रुख अपनाते हुए संज्ञान लेकर 2014 में अवमानना की कार्रवाई शुरू की थी। तब से राम पाल जेल में बंद है। 2014 में जब पुलिस राम पाल को गिरफ्तार करने गई तो उसने अपनी गिरफ्तारी का विरोध करने के लिए महिलाओं और बच्चों सहित बड़ी संख्या में भक्तों को इकट्ठा किया। इसी गिरफ्तारी के दौरान हिंसक झड़प हुई थी । राम पाल के खिलाफ 2014 में एक और एफआईआर दर्ज की गई। एफआईआर के अनुसार, राम पाल ने लगभग 600-700 महिलाओं और बच्चों को मुख्य द्वार के बाहर बैठा दिया और 1500-2000 युवा लाठी, बम और बंदूक लेकर आश्रम की छत पर तैनात थे। रामपाल को गिरफ्तार करने का विरोध किया था।

# 1655 कैंप में एक लाख का स्वास्थ्य जांचा

**पंचकूला।** हरियाणा की स्वास्थ्य व आयुष मंत्री आरती सिंह राव ने बृहस्पतिवार को सेक्टर-3 स्थित पिरामिड हाल में निदेशालय, आयुष विभाग द्वारा आयोजित सेवा पखवाड़ा के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरक्त की और कहा कि यह कार्यक्रम एक सरकारी कार्यक्रम नहीं है बल्कि आज समर्पण और जनकल्याण के सामूहिक उत्सव का समापन हुआ है। उन्होनें प्रदेशवासियों को महात्मा गांधी जी की जयंती और दशहरा पर्व की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी और कहा गांधी जी के विचार सेवा, स्वच्छता और सत्य आज भी हमारे लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। इन्हीं मूल्यों से प्रेरित होकर हरियाणा में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा-पखवाड़ा का आयोजन किया गया। उन्होनें बताया कि "स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान" के तहत आयुष विभाग ने 1655 कैम्प लगाए जिसमें लगभग एक लाख तीन हजार लोगो ने स्वास्थ्य लाभ लिया। इस मौके पर अधिकारी भी मौजूद रहे।



## खाप चौधरी व सामाजिक संस्थाएं मंत्रियों और सांसदों से मिलेंगी

**समगोत्र में शादी के कारण भी समाज का हो रहा अहित, चौधरी उतरेंगे मैदान में**

# लिव इन रिलेशनशिप के दुष्प्रभावों को लेकर जन जागरण की मुहिम में जुटी सर्वखाप पंचायतें

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

लिव-इन-रिलेशनशिप के साइड इफेक्ट और समगोत्र में शादी कारण आए दिन हो रहे विवादों व दुष्प्रभाव बिगड़ रहे सामाजिक ढांचे को लेकर चिंता जाहिर की है, क्योंकि समाज में परिवार टूटने का सिलसिला थामे नहीं थम रहा है। इस तरह के प्रतिकूल प्रभाव से समाज को बचाने के लिए मैदान में सर्वखाप और कुछ समाजसेवी मैदान में उतर आए है। जानकारी अनुसार समाज में लिव-इन-रिलेशनशिप के साइड इफेक्ट और समगोत्र में शादी से बचाव के लिए अब वंशीय खत्री खाप के प्रधान सुरेंद्र खत्री, समाजसेवी और किसान नेता सूबे सिंह समैण, नैन खाप के राज्य प्रधान रघुबीर नैन दनौदा, सुरेंद्र दहिया, दहिया खाप अन्य नेता और समाजसेवियों ने इस क्रम में मुहिम छेड़ी हुई है। इन सभी ने सामाजिक संस्थाओं को साथ में जोड़ने के साथ ही विभिन्न खापों, सर्वखाप के साथ में विचार मंथन के साथ ही कईं जिलों में कार्यक्रमों का आयोजन किया है, इस दौरान यह सभी वक्ता समगोत्र में विवाह के दुष्प्रभावों के बारे में बताते हैं। इसके साथ ही लिव इन रिलेशनशिप, समलैंगिकों को लेकर भी समाज में जन जागरण का बीड़ा उठाया हुआ है।

### बैठकें कर रणनीति बना रहे : समैण



सर्वजातीय सर्व खाप के प्रवक्ता सूबे सिंह समैण का कहना है कि वे अभी तक दनौदा, उचाना, जींद गन्नौर सहित अनेकों स्थानों पर बड़ी मीटिंग कर चुके हैं। जिस दौरान उदाहरण देकर समाज को आने वाले समय के लिए तैयार करने और समाज में हो रही घटनाओं के बारे में अवगत कराया जाता है। गांव के गांव में शादी, पड़ोस के गांव में शादी, समगोत्र में शादी, बिना शादी किए लिव इन रिलेशनशिप में रहने से हो रही घटनाओं पर विस्तार से बडी मीटिंग्स में चर्चा की जाती है।

### हिंदू मैरिज एक्ट को लेकर लीगल राय

खाप और समाजसेवी लोगों ने जहां कानूनविदों से मामलों में सलाह लेने की बात कही है। वहीं हिंदू मैरिज एक्ट को लेकर भी विचार हो रहा है, आने वाले वक्त में क्या क्या बदलाव व सख्ती की जा सकती है। सभी संगठन, खापों के साथ में इस मुहिम को सफल बनाने के लिए ब्राह्मण खाप और बिश्नोई समाज को भी साथ में लिया जा रहा है। इतना ही नहीं सांसदों, मंत्रियों, मुख्यमँत्री हरियाणा, पंजाब के साथ में मिलकर तमाम बातें रखी जा रही हैं। सूबे सिंह समैन और खाप नेताओं ने बताया कि वे दिल्ली में जाकर केंद्रीय प्रतिनिधियों के साथ मे मुलाकात भी करेंगे।

### *समलैंगिकों को लेकर भी मुंबई में मंथन*

*प्रवक्ता और समाजसेवी सूबे सिंह समैण ने बताया कि काफी संख्या में खाप पंचायत, सामाजिक लोग मुंबई भी गए थे। जहां पर एक चैनल द्वारा इन विषयों को लेकर कांफ्रेंस का आयोजन किया था, जिसमें समलैंगिकता पर सभी ने अपने अपने विचार रखे थे। उस दौरान भी हमने अपनी बात जोरदार तरीके से रखी थी, साथ ही साफ कर दिया था कि भारतीय संस्कारित और सभ्य समाज, संयुक्त परिवारों की पंरपरा से चलने वाले लोग हैं। उन्होंने कहा कि बड़े शहरों में इस तरह से संगठन और कुछ लोग इस तरह के कामों को प्रमोट करने में भी लगे हुए हैं, जो गलत दिशा में जाने वाली बात है, जरूरत पड़ी, तो हम अदालतों का दरवाजा भी खटखटाने का काम करेंगे।*

## राजभवन में राष्ट्रपिता व शास्त्री जी को दी श्रद्धांजलि

# गांधी जी का जीवन सत्य, अहिंसा और नैतिक साहस की शक्ति का प्रमाण : राज्यपाल

**चंडीगढ़।** राज्यपाल प्रो. असीम घोष और उनकी पत्नी मित्रा घोष ने गुरुवार को राजभवन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर एक विशेष सर्वधर्म प्रार्थना सभा का भी आयोजन किया गया। राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष ने कहा कि हम अपने देश की दो महान विभूतियों - राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और दूरदर्शी नेता एवं भारत रत्न से सम्मानित लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाने के लिए गहरी श्रद्धा और गर्व के साथ राजभवन में एकत्रित हुए हैं। राज्यपाल ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन सत्य, अहिंसा और नैतिक साहस की शक्ति का प्रमाण है।



### सत्याग्रह की ताकत से विश्व को दिया संदेश

राज्यपाल ने कहा कि सत्याग्रह ने दुनिया को सिखाया कि शांतिपूर्ण तरीकों से परिवर्तन लाया जा सकता है और चरित्र की शक्ति, हथियारों की ताकत से ज़्यादा मायने रखती है। उन्होंने देश भर में अत्याचारी ब्रिटिश शासन के विरुद्ध जनता को संगठित किया। मतभेदों से विभाजित इस दुनिया में, सहिष्णुता, सद्भाव और एकता का उनका संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान था।उन्होंने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री जी ने चुनौतीपूर्ण समय में सादगी, निष्ठा और साहस के साथ हमारे देश का नेतृत्व किया। 1965 के युद्ध के दौरान उनका नारा जय जवान, जय किसान हमारे देश के किसानों और सैनिकों के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**अपराधियों पर कार्रवाई :** कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी की हत्या की मिली थी सुपारी

# रोहित गोदारा और गोल्डी बराड़ गैंग के दो बदमाशों का एनकाउंटर

## गैंगस्टर्स की नजर स्टार्स पर दिल्ली में शूटर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पानीपत / भिवानी

रोहित गोदारा-गोल्डी बराड़-वीरेंद्र चारण गिरोह के दो सदस्यों को बृहस्पतिवार सुबह जैतपुर-कालिंदी कुंज रोड पर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हें कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी की हत्या की कथित तौर पर सुपारी दी गई थी। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपियों की पहचान राहुल और साहिल के रूप में हुई है तथा वे हरियाणा के पानीपत और भिवानी के रहने वाले हैं। जांच अधिकारियों के अनुसार दोनों बदमाशों को विदेश में रहने वाले माफिया रोहित गोदारा से निर्देश मिलते थे, जो गोल्डी बराड़ और वीरेंद्र चारण के साथ मिलकर फारूकी की हत्या की साजिश रच रहा था। पुलिस ने बताया कि उन्होंने मुंबई और बेंगलुरु में फारूकी पर नजर रखने के लिए उनकी कथित रूप से जासूसी की।


नूंह। मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली मारकर गिरफ्तार किया गया।

### यमुनानगर में तिहरे हत्याकांड में वांछित

एक अधिकारी ने बताया कि गोली लगने से घायल हुआ राहुल दिसंबर 2024 में हरियाणा के यमुनानगर में हुए तिहरे हत्याकांड के सिलसिले में वांछित था। उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। मुठभेड़ में इस्तेमाल किए गए हथियार और एक मोटरसाइकिल जब्त कर ली गई है। पुलिस के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से वे मुंबई और बेंगलुरु में अपने टार्गेट की रेकी कर रहे थे। इनमें से एक बदमाश राहुल पर हरियाणा के यमुनानगर में दिसंबर 2024 में हुए एक ट्रिपल (तिहरे) मर्डर केस में शामिल होने का भी आरोप है। वर्ष 2024 में दिल्ली में एक गोलीबारी की घटना की जांच के दौरान फारूकी की जान को खतरा होने की खुफिया जानकारी मिली थी।

### नूंह में पुलिस पर फायरिंग करने वाले का एनकाउंटर

**मुठभेड़ में भी पुलिस पर 3 गोलियां चलाई पैर में बुलेट दाग काबू किया**

**नूंह।** नूंह में पुलिस कर्मचारियों पर राइफल से फायरिंग करने वाले, पत्थरबाजी कर वीडियो बनाने के बदमाश को एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार किया गया। जब पुलिस बदमाश को गिरफ्तार करने उसके नजदीक पहुंची, तो उसने फिर से पुलिस पर ताबड़तोड़ तीन गोलियां चला दी। इस दौरान उसकी पुलिस से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान बदमाश के पैर में गोली लगी और उसे काबू कर लिया गया। बदमाश की पहचान अखलाक निवासी इंदाना के रूप में हुई है। जिसे पुन्हाना सीआईए की टीम ने पकड़ा है। आरोपी के पास से एक बाइक और अवैध हथियार भी बरामद हुआ है। घायल अवस्था में पुलिस उसे वहां से सिविल अस्पताल ले गई। जहां उसे इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है। वहीं, पुलिस मामले में फरार चल रहे बाकी आरोपियों की धरपकड़ में भी जुटी हुई है। मामले में ये अब तक 16वीं गिरफ्तारी है। इनमें से 13 आरोपियों को घटना वाले दिन ही पुलिस ने पकड़ लिया था। डीएसपी जितेंद्र कुमार राणा ने बताया कि जिले के बिछोर थाना क्षेत्र के कुछ लोग पंजाब से 250 से 300 लग्जरी गाड़ियां चोरी करके लाए थे। इसके बाद नूंह इलाके में सस्ते दामों पर इन गाड़ियों को बेच देते थे।

फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने कड़ी मशक्कत के बाद काबू पाया

# कपड़ों के वेयर हाउस में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर खाक





**आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट या इलेक्ट्रिकल फॉल्ट हो सकता है**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ गुरुग्राम

गुरुग्राम के बिनौला इलाके स्थित कपड़ों के एक वेयरहाउस में गुरुवार वार की सुबह भीषण आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर विभाग की डेढ़ दर्जन से ज्यादा गाड़ियों ने मौके पर पहुंची और आग बुझाने की मशक्कत में जुट गई। आग के विकराल रूप लेने के चलते आसपास की फैक्ट्री को भी अलर्ट जारी कर दिया गया है, और यातायात को डायवर्ट कर दिया गया। गनीमत रही कि आग में कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन लाखों का सामान जलकर खाक हो गया है। बिनौला औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक प्रमुख टेक्सटाइल कंपनी का यह वेयरहाउस है। जिसमें वीरवार की सुबह अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया।

फायर अधिकारी नरेंद्र ने बताया कि फायर ब्रिगेड कंट्रोल रूम में करीब 9 बजे आग लगने की कॉल आई। जिसके बाद मानेसर से फायर अधिकारी ललित की अगुवाई में गाडिय़ां मौके पर पहुंची, लेकिन आग की भयानकता को देखते हुए गुरुग्राम, मानेसर, पटौदी समेत आसपास के फायर स्टेशनों से गाडिय़ां मंगवाई गई। वेयरहाउस में हजारों मीट्रिक टन कपड़े होने के चलते आग तेजी से भडक़ने लगी। फायर अधिकारी ललित ने बताया कि आग के विकराल रूप धारण करने के चलते आसपास की फैक्ट्री को भी अलर्ट कर दिया गया है, और यातायात को डायवर्ट कर दिया गया है। करीब तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट या इलेक्ट्रिकल फॉल्ट हो सकता है।

## शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 6,49,460 रुपये की ठगी, आरोपी काबू

**फरीदाबाद।** निवेश के नाम पर ठगी करने के मामले में खाता उपलब्ध करवाने के आरोप में साइबर क्राइम सैन्ट्रल पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्त किया है।



सेक्टर-76 निवासी एक व्यक्ति ने साइबर थाना सैंट्रल में दी शिकायत में आरोप लगाया कि ठगों द्वारा उसे व्हाट्सएप के माध्यम से एक ग्रुप में जोडा गया। जिस ग्रुप में जुडे अन्य लोग रोजाना के लाभ की जानकारी शेयर करते थे। जिसके बाद लालच में आकर उसने ठगों द्वार बतायी गई एप को डाउनलोड किया और 6,49,460 रुपये का निवेश कर दिया, जिसके उपरांत उसे कोई पैसा वापस नहीं दिया हुआ। जिस शिकायत पर साइबर थाना सेंट्रल में मामला दर्ज किया गया।



## मेले में रूम बुक करने के नाम पर 11,67,851 रुपये की ठगी, आरोपी काबू

**फरीदाबाद।** महाकुंभ मेले में रूम बुक करने के नाम पर 11,67,851 रुपये की धोखाधडी करने के मामले में साईबर थाना एनआईटी की टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साइबर थाना एनआईटी में ग्रीन फिल्ड कॉलोनी फरीदाबाद निवासी ने दी शिकायत में आरोप लगाया कि जब वह महाकुंभ मेले के लिए रूम बुक करने के लिए ऑनलाइन देख रहा था उसे जैन मंदिर एवं धर्मशाला प्रयागराज के नाम स्थान मिला जिसमें रूम बुक करने की कोशिश की और दिये गये नम्बर पर बात करने पर उन्होंने 7,250 रुपये भेज कर कमरा बुक करने की बात कही उसे बाद उसे कहा गया कि उस पैमेंट मे जीएसटी जोडना भूल गये तो उसे दुबारा 7685 की पैमेट करनी होगी।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष से हुड्डा गुट ने ही बनाई दूरी

राव नरेंद्र बोले... संगठन का जो नहीं करना चाहता काम, वह स्वेच्छा से दें दे इस्तीफा


नारनौल। कार्यकर्ताओं के बीच पहुंचे कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह।

**कांग्रेस अध्यक्ष राव बोले पद बिन मांगे, सर्वे के आधार पर मिली बड़ी जिम्मेदारी**

सतीश सैनी ▸▸ नारनौल

भाजपा को सत्ता में लाने में दक्षिणी हरियाणा का अहम रोल है। इसी स्थिति को भांपते हुए कांग्रेस ने 48 साल बाद दक्षिणी हरियाणा से जुड़े ओबीसी वर्ग से पूर्व स्वास्थ्य मंत्री राव नरेंद्र सिंह को कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। जब यह घोषणा हुई तो चर्चा चली कि हुड्डा गुट से ही राव नरेंद्र सिंह है। कोई नया बदलाव नहीं है। लेकिन नई बात छनकर सामने आई। प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद जब पहली बार गृह जिला महेंद्रगढ़ में राव नरेंद्र सिंह पहुंचे तो हुड्डा गुट से जुड़े नेता ही दिखाई नहीं दिए। हुड्डा गुट से जुड़े पूर्व सीपीएस राव दान सिंह, पूर्व सीपीएस अनीता यादव, नांगल चौधरी विधायक मंजू चौधरी नदारद रहे। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में भीड़ भी कम रही। इस स्थिति को शायद भांपते हुए राव नरेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं को मंच से स्पष्ट संदेश देते हुए कह दिया कि सर्वे के आधार पर यह बड़ी जिम्मेदारी मिली है। संगठन का जो काम नहीं करना चाहता, मैं चाहता हूं वह स्वेच्छा से इस्तीफा दें दे।

### 53 साल बाद क्षेत्र को मिली जिम्मेदारी

पूरे हरियाणा से सर्वे करवाया और उस सर्वे के आधार पर यह बहुत बड़ी जिम्मेवारी मिली है। इस इलाके को 53 साल बाद कांग्रेस का यह पद मिला है। सब कहते है कि दक्षिणी हरियाणा साथ देगा तो सरकार बनेगी, इससे बढ़कर राहुल गांधी आपके लिए क्या कर सकते है। आपको यह पद दे दिया। कांग्रेस के एक साधारण से कार्यकर्ता को यह पद बिन मांगे मिला है।

### अनुशासन का डंडा रहेगा सख्त : नरेंद्र सिंह

उन्होंने स्पष्ट कहा कि हम सभी को एक होकर कांग्रेस संगठन को मजबूत करना है। जो नहीं करना चाहता मैं चाहता हूं वह स्वैच्छा से इस्तीफा दे दो। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि अगर किसी परिवार में अनुशासन नहीं रहेगा तो वह परिवार खत्म हो जाएंगा। किसी भाई को कोई गीला सिकवा है तो वह अवश्य करें बशर्तें पार्टी प्लेटफार्म पर। कोई ऐसी बयानबाजी ना करें जिससे पार्टी का नुकसान हो।





# बुनियादी ढांचे के विकास के लिए बनेगा 20 हजार करोड़ का 'जोखिम गारंटी कोष'

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देने के लिए 20 हजार करोड़ रुपये का 'जोखिम गारंटी कोष' बनाने की तैयारी कर रही है। इसका उद्देश्य निजी क्षेत्र के निवेश को प्रोत्साहित करना है। इस जोखिम गारंटी कोष के बनने से निजी क्षेत्र परियोजना के जोखिमों को साझा करेगा, जिससे प्रोजेक्ट डेवलपर्स का बोझ कम होगा। इस कोष का प्रारंभिक आकार 20 हजार करोड़ रुपए होगा और इसका प्रबंधन राष्ट्रीय ऋण गारंटी ट्रस्टी कंपनी (एनसीजीटीसी) कर सकती है।

**प्रोजेक्ट डेवलपर्स का बोझ कम होगा**

## निजी क्षेत्र के निवेश को प्रोत्साहन मिलेगा



फाइल फोटो

## बड़ी अर्थव्यवस्था के लिए बुनियादी ढांचे की मजबूती जरूरी

बताया जा रहा है कि इस कोष की गारंटी बैंक के लिए वैध होनी चाहिए और समय पर भुगतान की गारंटी भी होनी चाहिए, तभी यह सफल होगा। राष्ट्रीय बुनियादी ढांचा पाइपलाइन (एनआईपी) रिपोर्ट के मुताबिक, भारत को 2030 तक लगभग 390 लाख करोड़ रुपए बुनियादी ढांचे पर खर्च करने की जरूरत होगी, ताकि 2025 तक पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का लक्ष्य पूरा हो सके और इसके बाद यह विकास जारी रहे। भारत की उच्च विकास दर बनाए रखने की क्षमता बुनियादी ढांचा क्षेत्र पर निर्भर है। हालांकि, देश का कमजोर बुनियादी ढांचा बढ़ती अर्थव्यवस्था और जनसंख्या की आवश्यकताओं को पूरा नहीं कर पा रहा है।

### जोखिम के अनुसार शुल्क भी लगेगा

कोष नई परियोजनाओं के विकास जोखिम को कवर करेगा। साथ ही, डेवलपर्स को भी कम से कम कुछ हिस्सा रखना होगा और जोखिम के अनुसार शुल्क भी देना पड़ सकता है। यह कोष अनिश्चितता और अन्य गैर-व्यावसायिक जोखिमों से होने वाले नुकसान को कवर करेगा, जिससे कर्जदाताओं को बड़ी परियोजनाओं के लिए अधिक ऋण देने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

### खराब बुनियादी ढांचा सबसे बड़ी समस्या

*आर्थिक मामलों के पूर्व सचिव के नेतृत्व वाली टास्क फोर्स की रिपोर्ट में बताया गया है कि 'मेक इन इंडिया' जैसे महत्वाकांक्षी कार्यक्रम की सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक खराब बुनियादी ढांचा है, जो देश की विनिर्माण (मैन्युफैक्चरिंग) क्षमता को बढ़ावा देने और रोजगार सृजन के लिए समर्थन देता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि यदि सरकार बुनियादी ढांचे की कमी को पूरा नहीं कर पाती है तो कॉरपोरेट विकास और निवेश प्रभावित हो सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, यह कमी भारत की जीडीपी का 4-5 फीसदी नुकसान कराती है। बुनियादी ढांचा विकास न केवल आर्थिक विस्तार में योगदान देगा, बल्कि दीर्घकालिक विकास को भी मजबूत करेगा।*

### एनआईपी की रिपोर्ट में इस संबंध में किया गया आगाह

*नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन (एनआईपी) रिपोर्ट के अनुसार भारत की अपेक्षाकृत उच्च वृद्धि दर को बनाए रखने की महत्वाकांक्षा बुनियादी ढांचे के क्षेत्र पर निर्भर करती है। हालांकि देश कमजोर बुनियादी ढांचे से ग्रस्त है जो बढ़ती अर्थव्यवस्था और बढ़ती आबादी की जरूरतों को पूरा करने में असमर्थ है।*

### मजबूत दीर्घकालिक वृद्धि को इससे मिलेगा बढ़ावा

*वर्ष 2020 में जारी इस रिपोर्ट में कहा गया कि यदि सरकार बुनियादी ढांचे के घाटे को रोकने में विफल रहती है, तो कॉर्पोरेट विकास और निवेश भी बाधित हो सकते हैं जिसके बारे में कुछ विशेषज्ञों का अनुमान है कि अक्षमताओं के कारण सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का चार से पांच प्रतिशत खर्च होता है। इसमें कहा गया कि बुनियादी ढांचे का विकास न केवल आर्थिक विस्तार में तत्काल योगदान देने वाली कुछ अक्षमताओं को दूर करने में मदद कर सकता है, मजबूत दीर्घकालिक वृद्धि को भी समर्थन दे सकता है।*

## खबर संक्षेप

### आधार कार्ड अपडेट कराना हो गया महंगा

**नई दिल्ली।** अब आधार कार्ड अपडेट कराने के लिए पैसे चुकाने होंगे। आधार से जुड़ी डेमोग्राफिक, बायोमेट्रिक और डॉक्यूमेंट अपडेट कराने की फीस बुधवार से बढ़ा दी गई है। यूआईडीएआई के मुताबिक, ये नई फीस 30 सितंबर 2028 तक लागू रहेगी। इसके बाद अक्टूबर 2028 में इनकी दोबारा समीक्षा होगी। अब डेमोग्राफिक अपडेट (जैसे नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर या ईमेल) की फीस अब 75 रुपए होगी। पहले यह 50 रुपए थी। अगर यह अपडेट बायोमेट्रिक अपडेट के साथ की जाती है तो कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लगेगा। बायोमेट्रिक अपडेट (फिंगरप्रिंट, आईरिस या फोटो) पर अब 125 रुपए देने होंगे। अक्टूबर 2028 से यह बढ़कर 150 रुपए हो सकती है।

### अब भी 5,884 करोड़ के 2000 के नोट चलन में

**मुंबई।** चलन से हटाए जा चुके 2,000 रुपये के 5,884 करोड़ रुपये मूल्य के नोट अब भी प्रचलन में हैं। सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आरबीआई ने 19 मई, 2023 को 2000 रुपये मूल्य के बैंक नोटों को प्रचलन से वापस लेने की घोषणा की थी। हालांकि 2000 रुपये के बैंक नोट अब भी वैध मुद्रा बने हुए हैं।

## केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने कहा, निर्धारित लक्ष्य से अधिक मिले प्रस्ताव

# इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग स्कीम को मिला शानदार रिस्पॉन्स, 1.15 लाख करोड़ के ऑफर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को कहा कि इलेक्ट्रॉनिक उपकरण विनिर्माण योजना को 1.15 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। उन्होंने कहा कि योजना को बनाते समय निर्धारित लक्ष्यों की तुलना में ये प्रस्ताव निवेश, रोजगार और उत्पादन के लक्ष्यों से कई गुना अधिक हैं।

वैष्णव ने कहा, '' इलेक्ट्रॉनिक उपकरण विनिर्माण योजना (ईसीएमएस) के लिए आवेदन की अवधि 30 सितंबर को समाप्त हो गई। हमें 1,15,351 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।'' मंत्री ने कहा कि कुल आवेदनों में से करीब 60 प्रतिशत छोटे एवं मझोले उद्यमों से आए हैं।

### 60 फीसदी आवेदन एमएसएमई के लिए आए

वैष्णव ने कहा, '' करीब 60 प्रतिशत आवेदन एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) से आए हैं। यह बहुत उत्साहजनक है क्योंकि जब छोटी कंपनियां कार्यक्रम और नीति पर विश्वास दिखाती हैं तो यह एक बड़ा बदलाव आता है।'' उन्होंने कहा कि सरकार ने इस योजना के तहत करीब 59,000 करोड़ रुपये का निवेश प्राप्त करने की परिकल्पना की है और पूंजीगत उपकरण खंडों के लिए आवेदन अब भी दिये जा सकते हैं।

## निवेश प्रस्ताव से इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे

### कुल 249 कंपनियों ने किया आवेदन जमा

चीन वर्तमान में पूंजीगत उपकरण क्षेत्र में हावी है और हाल ही में उसने देश में इलेक्ट्रॉनिक उत्पादन के लिए वस्तुओं, विशेष रूप से आईफोन की आपूर्ति अनौपचारिक रूप से रोक दी थी। वैष्णव ने कहा कि सरकार इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के विनिर्माण में उपयोग की जाने वाली सामग्रियों के उत्पादन पर भी ध्यान केंद्रित करेगी।कुल 249 कंपनियों ने आवेदन जमा किए हैं जिनकी मंजूरी से पहले एक समिति द्वारा जांच की जाएगी।



- योजना के लिए आवेदन की अवधि 30 सितंबर को समाप्त हो गई
- योजना के तहत 1,15,351 करोड़ रुपए के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं

### प्रस्तावों से 1.41 लाख लोगों को मिलेगा रोजगार

*वैष्णव ने कहा, '' 4,56,500 करोड़ रुपये के उत्पादन लक्ष्य के मुकाबले हमें 10,34,000 करोड़ रुपये से अधिक के उत्पादन अनुमान प्राप्त हुए हैं।'' इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी सचिव एस. कृष्णन ने कहा कि प्रस्तावों से 1.41 लाख लोगों के लिए रोजगार सृजन का वादा किया गया है जबकि योजना के तहत 91,600 लोगों के लिए रोजगार का लक्ष्य रखा गया है।*

**मोबाइल व आईटी हार्डवेयर के लिए 35,813 करोड़ के प्रस्ताव**

योजना के तहत मोबाइल फोन, आईटी हार्डवेयर उत्पादों और अन्य संबंधित उपकरणों के लिए 35,813 करोड़ रुपये का सबसे बड़ा निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स वर्तमान में 'एनक्लोजर' खंड में अग्रणी कंपनियों में से एक है जो आईफोन के लिए उत्पाद बनाती है।

### इन क्षेत्रों के लिए निवेश प्रस्ताव मिले

कंपनियों ने जिन प्रमुख क्षेत्रों में बड़े निवेश के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत किए हैं उनमें लचीले मुद्रित सर्किट बोर्ड (16,542 करोड़ रुपये), इलेक्ट्रो-मैकेनिकल उपकरण (14,362 करोड़ रुपये), मल्टी-लेयर पीसीबी (14,150 करोड़ रुपये), सब-असेंबली और बेयर घटकों की आपूर्ति श्रृंखला (9,226 करोड़ रुपये), डिस्प्ले मॉड्यूल सब-असेंबली (8,642 करोड़ रुपये), कैमरा मॉड्यूल सब-असेंबली (6,205 करोड़ रुपये) और लिथियम आयन सेल (4,516 करोड़ रुपये) शामिल हैं।

### पूंजीगत वस्तुओं के लिए 2103 करोड़ के प्रस्ताव मिले

इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में प्रयुक्त पूंजीगत वस्तुओं के लिए 2,103 करोड़ रुपये, ऑप्टिकल ट्रांसीवर के लिए 1,645 करोड़ रुपये, गैर-एसएमडी निष्क्रिय उपकरणों में 1,608 करोड़ रुपये और एसएमडी निष्क्रिय उपकरणों के लिए 535 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

## 5 साल बाद हवाई सेवा बहाल

# भारत और चीन के बीच इसी महीने से शुरू होंगी 'डायरेक्ट' फ्लाइट



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और चीन ने लंबे समय बाद सीधे हवाई उड़ानों को फिर से शुरू करने पर सहमति दी है। यह कदम गालवान संघर्ष के बाद पांच साल तक तनावपूर्ण रिश्तों के बाद उठाया गया है। विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को इसकी आधिकारिक घोषणा की। इसके बाद एयरलाइन इंडिगो ने भी ऐलान किया है कि वह 26 अक्टूबर से भारत-चीन के बीच प्रत्यक्ष उड़ानों को फिर से शुरू करेगी। दरअसल, विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि इस साल शुरुआत से ही भारत और चीन के बीच संबंधों को धीरे-धीरे सामान्य करने के सरकार के दृष्टिकोण के तहत दोनों देशों के नागरिक उड्डयन प्राधिकरणों ने तकनीकी स्तर पर वार्ता की है ताकि सीधी हवाई सेवाओं को फिर से शुरू किया जा सके और एयर सर्विसेज एग्रीमेंट में संशोधन किया जा सके। विदेश मंत्रालय के अनुसार अब बातचीत के बाद तय हुआ है कि भारत और चीन के हवाई मार्गों पर सीधी उड़ानें अक्टूबर 2025 के अंत तक शुरू हो जाएंगी। यह उड़ानें दोनों देशों की एयरलाइंस की व्यावसायिक मंजूरी और सभी संचालन नियमों के पालन पर निर्भर होंगी।

इस समझौते से दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क आसान होगा और द्विपक्षीय रिश्ते धीरे-धीरे सामान्य होंगे। बता दें कि सीधी उड़ानों को फिर से शुरू करने की पहली घोषणा पिछले महीने चीन के विदेश मंत्री वांग यी की नई दिल्ली यात्रा के बाद की गई थी। पिछले साल से दोनों देशों के रिश्तों में सुधार हो रहा है। 2024 के अंत में देपसांग और डेमचोक में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर सैनिकों की वापसी और भरोसेमंद कदम उठाने से रिश्ते स्थिर हुए हैं।

## सरकार ने 25 विदेशी क्रिप्टो कंपनियों को नोटिस भेजा

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय की वित्तीय आसूचना इकाई-भारत ने 25 विदेशी वर्चुअल डिजिटल एसेट (वीडीए) प्रदाताओं को नियमों का अनुपालन न करने पर नोटिस जारी किया है। इनमें ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड्स स्थित क्रिप्टो एक्सचेंज एलबैंक और बिंगएक्स भी शामिल हैं। वेबसाइटसार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराने से रोकने का आदेश भी दिया गया है। सरकार 2023 में वर्चुअल डिजिटल एसेट प्रदाताओं को धनशोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के दायरे में लेकर आई थी। बयान में चेतावनी दी गई है कि क्रिप्टो उत्पाद और एनएफटी अनियमित हैं और इनमें जोखिम अधिक है, लिहाजा ऐसे लेनदेन में नुकसान होने पर कोई नियामकीय राहत नहीं मिल सकती है।



## सेबी ने नुवामा के म्यूचुअल फंड में प्रवेश को मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** वित्तीय सेवा कंपनी नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट लिमिटेड को अपने प्रस्तावित म्यूचुअल फंड व्यवसाय की स्थापना के लिए बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) से मंजूरी मिल गई है। शेयर बाजार को दी गई जानकारी में नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट ने बताया, '' सेबी ने एक अक्टूबर 2025 को पत्र के माध्यम से कंपनी को प्रायोजक के रूप में कार्य करने और प्रस्तावित नुवामा म्यूचुअल फंड की स्थापना करने की मंजूरी दे दी है।'' नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट को इससे विशेष निवेश फंड श्रेणी सहित म्यूचुअल फंड के अंतर्गत योजनाएं शुरू करने में मदद मिलेगी। म्यूचुअल फंड के पंजीकरण के लिए अंतिम मंजूरी सेबी द्वारा दी जाएगी, बशर्ते कंपनी कुछ आवश्यकताओं को पूरा करे।

**S B College of Education (B.Ed.)**
(Self Financed College)
VPO DEWAS, MAHENDERGARH-123034
(Affiliated to IGU Meerpur & recognized by NCTE)
**Advt. No. 2025/3**
**Requires Teaching & Non-Teaching Staff**
Teaching : Assistant Professor in Education (Foundation Course, Pedagogy of SS. Maths, Economics and Biological Sciences, one post each subject)
Non-Teaching : 1. Librarian, 2. Office Manager / Head Clerk, 3, Store Keeper, 4. Technical Assistant, 5. Lab Assistant, 6. Office cum Account clerk, 7 Data Entry Operator, 8. Store Keeper, 9. Helper/Support Staff (Sr. No. 1 to 9 one post for each)
Qualification & Pay Scale as per norms of NCTE / State Govt. / IGU University. Apply to president of college and DCDC IGU Meerpur, Rewari with draft of Rs. 1000 within 21 days of this advt. by post / hand.
E-mail : sbcmgarh@gmail.com, Mob. : 9467184560 PRESIDENT

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**
धारा 82 सीआरपीसी देखिए
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **दीपक, पुत्र हवा सिंह निवासी गांव मंढोती झज्जर, पाना कबोसिया, हरियाणा** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 183/2020, 25 आर्म्स एक्ट और भा.द.सं. की धारा 411 के तहत, थाना जाफरपुर कलां, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **दीपक** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।
इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 183/2020, 25 आर्म्स एक्ट और भा.द.सं. की धारा 411 के तहत, थाना जाफरपुर कलां, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **दीपक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.11.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।
आदेशानुसार
श्री अभिनव अहलावत
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-09
दक्षिण-पश्चिम जिला, कोर्ट नं. 314
जिला कोर्ट्स द्वारका, नई दिल्ली
DP/13020/DW/2025

## राशिफल

**मेष** — किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृष** — धैर्यशीलता में कमी भी हो सकती है। संयत रहें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। वाहन के रखरखाव एवं वस्त्रों आदि पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। कारोबार में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। लाभ में वृद्धि होगी।

**कर्क** — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कुछ चिंता परेशान भी हो सकती हैं। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिल सकता है।

**कन्या** — आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

**तुला** — कला एवं संगीत में रुचि रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य में सुधार होगा। कारोबार में भाग-दौड़ बढ़ेगी, परन्तु स्वास्थ्य के प्रति सचेत भी रहे।

**वृश्चिक** — संयत रहें। क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा, परन्तु मन अशान्त भी रहेगा। आत्मसंयत रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**मकर** — माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता रहेगी। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। कारोबार से लाभ में वृद्धि होगी।

**कुंभ** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। फिर भी धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। बातचीत में सन्तुलित भी रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है।

**मीन** — आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परन्तु आत्मसंयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। पिता का साथ मिलेगा। किसी रुके धन की प्राप्ति हो सकती है।

**सूचना**
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने एक रिपोर्ट में यह संभावना जताई

# भारत जल्द बनेगा पेट्रोकेमिकल का अहम केंद्र

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए 37 अरब डॉलर के पूंजीगत व्यय की योजना के दम पर भारत जल्द ही वैश्विक पेट्रोकेमिकल उद्योग में एक प्रमुख स्थिति हासिल कर सकता है। एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने एक रिपोर्ट में यह संभावना जताई है। पेट्रोकेमिकल आपूर्ति के नए परिदृश्य पर केंद्रित इस रिपोर्ट के मुताबिक, चीन की तरह भारत की भी पेट्रोकेमिकल क्षमता में आक्रामक विस्तार की नीति एशिया के पेट्रोकेमिकल क्षेत्र में अधिक आपूर्ति से उपजे दबाव को बढ़ा सकती है। दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा पेट्रोकेमिकल उपभोक्ता देश भारत अब तक घरेलू मांग पूरी करने के लिए आयात पर निर्भर रहा है, लेकिन अब आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाए जा रहे हैं।

- भारत 37 अरब डॉलर के पूंजीगत व्यय से जल्द बनेगा हब

### भारत 25 अरब डॉलर का निवेश करेगा


एसएंडपी का अनुमान है कि वर्ष 2030 तक वैश्विक नई पेट्रोकेमिकल क्षमता में भारत की हिस्सेदारी लगभग एक तिहाई हो जाएगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के जरिये भारत रिफाइनरी क्षमता के विस्तार पर लगभग 25 अरब डॉलर का निवेश करेगा जबकि निजी क्षेत्र का 12 अरब डॉलर का निवेश अपेक्षाकृत अधिक लचीला रहेगा।



### घरेलू मांग बनाए रखने में मदद मिलेगी

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की घरेलू मांग, खासकर पॉलीएथिलीन जैसे प्रमुख उत्पादों की, स्थानीय निर्माताओं की आय को बनाए रखने में मदद करेगी, भले ही वैश्विक कंपनियों को मूल्य दबाव और संभावित उद्योग एकीकरण का सामना करना पड़े।

## शब्द पहेली - 6007




**बाएँ से दाए**


1. मरघट, कब्रिस्तान-4
3. पागल, बुद्धिहीन-4
8. भगवान, ईश्वर, खुदा-7
10. डांटना, दुत्कार-3
11. तरुण, किशोर-3
13. ओट, घूँघट-3
15. तपस्या-2
17. पराया, अजनबी-2
18. आनंद, मौज-2
19. सूर्य, भास्कर-2
21. चिंतन, सोच विचार-3
25. वेणी, फूलों की माला जो बालों में लगाते हैं-3
26. वैद्य-3
27. आभास करना-4,3
30. शिव के इस मंदिर को महमूद गजनवी ने कई बार लूटा था-2,2
31. युद्धघोष, आक्रमण, हमला-4

**ऊपर से नीचे**

2. कवि, गजलकार-3
4. भारत का झंडा-3
5. ईश्वर, भगवान-4
6. गुरुवार-4
7. दुर्ज, पापी, भूत-3
8. शरण, आश्रय-3
9. चांदी-3
12. उत्तराधिकारी-3
13. उत्कृष्ट, प्रधान-3
14. आंचल-3
16. कमल-3
20. रुकना, अंत, ठहराव-3
22. उत्तमता, खूबी (उर्दू-4)
23. बर्दाश्त करना, निभाना-3
24. आय, कमाई-4
25. उष्ण-3
28. पराजित करना-3
29. उपपत्नी, दूसरी पत्नी-3

**शब्द पहेली- 6006 का हल**





हिमाचल में भगवान रघुनाथ की निकली भव्य रथयात्रा

# देवताओं का महाकुंभ अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव का आयोजन



एजेंसी ▶▶ कुल्लू

आपदा के 24 दिन बाद गुरुवार शाम को को भगवान रघुनाथ की भव्य रथ यात्रा के साथ ऐतिहासिक ढालपुर मैदान में देवताओं का महाकुंभ अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव शुरू हो गया है। दो से आठ अक्टूबर तक धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इस महापर्व के साक्षी राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के साथ हजारों लोग बने।

### रथ यात्रा में 100 देवी देवता मौजूद

रथ मैदान में रथ यात्रा के दौरान करीब 100 देवी-देवता भी मौजूद रहे। भगवान रघुनाथ की रथयात्रा के साथ शुरू हुए इस उत्सव में करीब 300 से ज्यादा देवी-देवता शिरकत कर रहे हैं। इनमें से बुधवार देर शाम तक 200 से अधिक देवी-देवता ढालपुर में अपने अस्थायी शिविरों में विराजमान हुए थे। इस बार दशहरा उत्सव समिति ने 332 देवी-देवताओं को न्योता दिया था।

पीएम मोदी ने राष्ट्रपिता और शास्त्री को दी श्रद्धांजलि

# महात्मा गांधी और शास्त्री के आदर्शों से आत्मनिर्भर भारत का सपना होगा साकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी गांधीजी की जयंती पर उनकी समाधि राजघाट पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद वे पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के समाधि स्थल विजय घाट भी पहुंचे और जन्म दिन पर उन्हें नमन किया, श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि 'गांधी जयंती प्रिय बापू के असाधारण जीवन को श्रद्धांजलि देने का दिन है, जिनके आदर्शों ने मानव इतिहास की दिशा बदल दी। उन्होंने दिखाया कि कैसे साहस और सादगी महान परिवर्तन के साधन बन सकते हैं।' मोदी ने कहा कि गांधी सेवा और करुणा की शक्ति को लोगों को सशक्त बनाने

पीएम मोदी ने राजघाट और विजय घाट पहुंचकर किया नमन



### स्वदेशी उत्पादों को खरीदना गांधी और शास्त्री को सच्ची श्रद्धांजलि

पीएम मोदी स्वदेशी पर अत्यधिक जोर देते रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारतीयों द्वारा निर्मित उत्पादों को खरीदना गांधी और शास्त्री को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उन्होंने कहा कि स्वदेशी एक आत्मनिर्भर और विकसित भारत की नींव है। गुजरात में 1869 में जन्मे गांधी को अपने युग का सबसे प्रभावशाली भारतीय माना जाता है क्योंकि उन्होंने सत्य और अहिंसा के माध्यम से देश के स्वतंत्रता आंदोलन को आकार दिया और दुनिया भर में उनके अनुयायी बने।

### देशभक्ति की भावना जगाई

पीएम मोदी ने देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को एक असाधारण राजनेता बताया जिनकी ईमानदारी, विनम्रता और दृढ़ संकल्प ने भारत को मजबूत बनाया। प्रधानमंत्री ने कहा कि लाल बहादुर शास्त्री अनुकरणीय नेतृत्व, शक्ति और निर्णायक कार्रवाई का प्रतीक थे। 'जय जवान जय किसान' के उनके आह्वान ने हमारे लोगों में देशभक्ति की भावना जगाई।

## खबर संक्षेप

### भारत-पाक तनाव के बीच पाक जाएगा सिख जत्था

**नई दिल्ली।** भारत सरकार ने सिख श्रद्धालुओं को पाकिस्तान जाने की मंजूरी दे दी है, जहां वे आगामी 5 नवंबर को गुरु नानक देव के 555वें प्रकाश पर्व में शामिल होंगे। सूत्रों के मुताबिक, इस अवसर पर विशेष जत्था पाकिस्तान जाएगा और वहां स्थित ऐतिहासिक गुरुद्वारों में माथा टेककर धार्मिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेगा। हर साल सिख श्रद्धालु इस मौके पर पाकिस्तान के ननकाना साहिब और करतारपुर साहिब में दर्शन के लिए पहुंचते हैं।



### शिवकुमार की चेतावनी निरर्थक बयानबाजी न करें

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने राज्य में सत्ता परिवर्तन के बारे में बयान देने वाले कांग्रेस नेताओं को चेतावनी दी है। डीके ने कहा कि मुख्यमंत्री पद को लेकर कांग्रेस नेता किसी भी तरह की बयानबाजी से बचें। उन्होंने कहा कि सीएम सिद्धारमैया और हम साथ मिलकर काम कर रहे हैं। एक विधायक की टिप्पणी के बाद यह कहा है।



### बरेली में फिर 48 घंटे के लिए इंटरनेट बंद

**बरेली।** बरेली में बवाल के 6 दिन बाद दोबारा इंटरनेट बंद कर दिया गया। अब 48 घंटे बाद इंटरनेट सेवाएं शुरू की जाएंगी। 2 अक्टूबर की दोपहर 3 बजे से बंद हुआ नेट अब 4 अक्टूबर को दोपहर 3 बजे शुरू होगा। इससे पहले 26 सितंबर को हुए बवाल के बाद 60 घंटे तक इंटरनेट बंद रखा गया था। लखनऊ से गृह सचिव गौरव दयाल ने यह आदेश जारी किया। बरेली के अफसरों की मानें, तो खुफिया इनपुट हैं कि शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद प्रदर्शन होने की आशंका है।

### राजा भैया के शस्त्रपूजन में हथियारों का जखीरा

**आगरा।** भारत के विभिन्न राज्यों में गुरुवार को दशहरा का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। हिंदू धर्म में दशहरा पर हथियारों की पूजा यानी शस्त्र पूजा का भी काफी चलन है। अब जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) के मुखिया और विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने भी दशहरा के दिन शस्त्र पूजा की है। इसमें वीडियो हथियारों का बड़ा जखीरा दिखा।



### शाह ने लोगों से हर साल 5,000 के खादी उत्पाद खरीदने का आग्रह किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने देश के लोगों से हर साल कम से कम 5,000 रुपये मूल्य के खादी उत्पाद खरीदने की बृहस्पतिवार को अपील की, ताकि इससे लाखों लोगों को रोजगार मिलेगा और उनका जीवन बेहतर होगा। शाह ने गांधी जयंती के अवसर पर यहां कनॉट प्लेस स्थित 'खादी इंडिया' शोरूम का दौरा किया और ऑनलाइन भुगतान के जरिये खादी उत्पाद खरीदे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 'मन की बात' के माध्यम से स्वदेशी के विचार को आगे बढ़ाया।

कोलंबिया में राहुल की बयानबाजी पर भाजपा ने किया बड़ा पलटवार

# 26/11 हमले के बाद क्यों खामोश रही मनमोहन सरकार, कहां थे सोनिया व राहुल, कुछ बोलेंगे?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कोलंबिया से लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर हमला किया। इससे भाजपा ने उन पर चौतरफा हमला बोले दिया है। पार्टी के कई नेताओं ने उन पर पलटवार किया है। भाजपा सांसद रवि शंकर प्रसाद ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह की सरकार के गृह मंत्री पी.चिदंबरम ने सिर्फ 16 साल के बाद ये स्वीकारा है कि मुंबई के नृशंस 26<\\>/11 हमले के बाद वे पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई करने के पक्ष में थे लेकिन उस समय के विदेश विभाग ने उन्हें रोक दिया और मनमोहन खामोश रहे।

कितनी कमजोर सरकार थी। भारतीय मारे गए और कोई आंतरिक मजबूती नहीं। सोनिया गांधी कहां थीं? चलती तो उन्हीं की थी जैसे अभी राहुल गांधी की चलती है। क्या राहुल गांधी कुछ बोलेंगे? इतनी बड़ी त्रासदी हुई, जिसे पी.चिदंबरम ने स्वीकारा है। राहुल कुछ तो बोलिए। चिदंबरम ने कहा था कि 2008 के हमले के बाद मनमोहन सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई पर विचार किया था, लेकिन अंतरराष्ट्रीय दबाव, खासकर तब की अमेरिकी विदेश मंत्री कोंडोलिजा राइस की अपील के चलते भारत ने युद्ध का विचार त्याग दिया था। चिदंबरम ने कहा कि विदेश मंत्रालय और भारतीय विदेश सेवा की सलाह के आधार पर सरकार ने जवाब नहीं देने का निर्णय लिया।

स्वीकारोक्ति पर चुप्पी क्यों साध लिए?

पूर्व गृहमंत्री चिदंबरम के बयान पर कांग्रेस की मजबूत सरकार पर बोलिए



### गिरिराज बोले- पाकिस्तान को वोट बैंक के तौर पर देख रही कांग्रेस



*केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कांग्रेस और राहुल पर तीखा हमला बोला है। कहा कि जब किसी पार्टी का नेता, जैसे राहुल , शहरी नक्सली जैसी भाषा और व्यवहार अपनाता है, तो यह स्वाभाविक है कि उस पार्टी के अन्य नेता भी वैसी ही बातें करेंगे। उन्होंने पूर्व वित्त मंत्री चिदंबरम के हालिया बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि चिदंबरमने जो कहा, वो बहुत देर से कहा। उन्होंने माना कि मनमोहनसरकार एक कमजोर सरकार थी, उसमें इच्छाशक्ति की कमी थी।और यह इच्छाशक्ति की कमी इसलिए थी क्योंकि कांग्रेस पाकिस्तान को एक वोट बैंक के तौर पर देखती है।*

**'शाहबानो केस में कांग्रेस ने घुटना टेक दिया'**

गिरिराज ने सवाल उठाया कि मैं समझ नहीं पा रहा हूं कि देश बड़ा है, पार्टी बड़ी है या वोट बड़ा है? यूपीए सरकार अल्पमत में नहीं थी, फिर भी उसमें इच्छाशक्ति की कमी थी। इसलिए शाहबानो केस में कांग्रेस ने घुटना टेक दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना करते हुए कहा कि अगर उस समय मोदी प्रधानमंत्री होते, तो पाकिस्तान पर जो कार्रवाई आज 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिए की गई है, उस समय ही कर दी जाती।

### कंगना ने राहुल को 'कलंक' कहा



राहुल के बयान पर भाजपा सांसद कंगना रनौत ने कहा कि वह एक कलंक हैं, सब जानते हैं कि वह हर जगह देश को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं, देश की आलोचना कर रहे हैं। यहां के लोग झगड़ालू हैं, यहां के लोग ईमानदार नहीं हैं, तो इन सब बातों से वो यह दिखाने की कोशिश कर रहे हैं कि भारत के लोग नासमझ हैं। देश भी उनसे शर्मिंदा है।

### देश को बदनाम करना उनकी आदत



संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम कर राहुल की आदत बनी राहुल के बयान को लेकर केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि देश की संवैधानिक संस्थाओं को विदेशों में बदनाम करना राहुल की आदत बन गई है। देश की जनता इस व्यवहार को स्वीकार नहीं करती।

अमेरिका से मोदी सरकार पर राहुल का निशाना

### लोकतंत्र पर हमला भारत के लिए सबसे बड़ा खतरा



*लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दक्षिणी अमेरिकी राज्य कोलंबिया की ईआईए यूनिवर्सिटीमें इंजीनियरिंग छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत के सामने सबसे बड़ा खतरा लोकतंत्र पर हो रहे हमले का है। उन्होंने मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भारत जैसे विविधताओं से भरे देश को लोकतंत्र की जरूरत है, लेकिन वर्तमान समय में यह व्यवस्था सभी तरफ से दबाव और हमले झेल रही है।*

**भारत की ताकत और चीन से फर्क बताया**

*राहुलने कहा कि भारत की तुलना चीन से करना सही नहीं है। चीन एक केंद्रीकृत और एकरूप प्रणाली पर चलता है। भारत विकेंद्रीकृत है, यहां कई भाषाएं, धर्म और परंपराएं हैं। भारत का ढांचा लोकतांत्रिक है और इसे वही तरीका चाहिए, जिसमें सबको जगह और सम्मान मिले।*

**भारत की क्षमता और चुनौतियां**

*राहुल ने कहा कि भारत की जनसंख्या चीन से भी ज्यादा है और उसकी विविधता उसकी ताकत है। भारत के पास प्राचीन आध्यात्मिक और वैचारिक परंपरा है, जो आज की दुनिया के लिए बहुत उपयोगी है।*

सुप्रीम कोर्ट ने खत्म कर दी छूट

# दिल्ली में जरूरी सामान ले जाने वाले वाहनों पर भी लगेगा पर्यावरण उपकर



सीजेआई की पीठ ने दिया फैसला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में अब जरूरी सामान लेकर जाने वाले वाणिज्यिक वाहनों को भी पर्यावरण उपकर का भुगतान करना होगा। सुप्रीम कोर्ट ने ऐसे वाहनों को दी गई पर्यावरण क्षतिपूर्ति उपकर (ईसीसी) की छूट को खत्म कर दिया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बी आर गवई, जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस एन वी अंजारिया की पीठ ने 26 सितंबर को यह आदेश पारित किया, जिसे हाल ही में सार्वजनिक किया गया। अदालत ने माना कि अक्टूबर 2015 में जरूरी सामान लेकर दिल्ली में प्रवेश करने वाले वाणिज्यिक वाहनों को दी जाने वाली छूट से परिचालन संबंधी परेशानी पैदा हो रही थी, जिससे उपकर (सेस) लगाने का उद्देश्य पूरा नहीं हो रहा था।

### एमसीडी ने बताई थी अपनी परेशानी

दिल्ली नगर निगम ने दलील दी कि छूट के कारण वाहनों को यह जांचने के लिए रोकना पड़ता है कि उनमें जरूरी चीजें हैं या नहीं, इससे उन्हें भारी परेशानी होती है। नगर निगम ने कहा कि जांच के चलते वाहनों को लंबे समय तक रुकना पड़ता है और इस दौरान वाहन से लगातार धुआं निकलता है, जिससे वायु प्रदूषण बढ़ता है। इस पर पीठ ने कहा कि हमें लगता है कि बताई गई परेशानी सही है क्योंकि वाहन में क्या सामान जा रहा है, इसकी जांच लिए कोई तंत्र बनाना मुश्किल है। इसलिए सभी वाहनों को चेकपोस्ट पर रोकना पड़ता है और उसका भौतिक सत्यापन करना पड़ता है। इससे वायु प्रदूषण की समस्या और बढ़ जाती है। पीठ ने कहा कि लगाया गया शुल्क इतना ज्यादा नहीं है कि इससे आम उपभोक्ताओं की जेब पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े।

कांग्रेस अध्यक्ष खरगे की पेसमेकर ट्रांसप्लांट सर्जरी

# जल्द ही काम शुरू करने का इरादा पीएम मोदी ने फोन पर की बात



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पेसमेकर की सर्जरी के एक दिन बाद गुरुवार को कहा कि उनका जल्द ही काम पर लौटने का इरादा है। खरगे (83) को मंगलवार को बेंगलुरु के एम एस रमैया अस्पताल में भर्ती कराया गया था और बुधवार को उन्हें पेसमेकर लगाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खरगे से फोन पर बात की है। प्रधानमंत्री मोदी ने मल्लिकार्जुन खरगे के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा कि खरगे से बात की। उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

संसदीय समितियों का पुनर्गठन

# थरूर को मिली बड़ी जिम्मेदारी, विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष बने

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



लोकसभा ने कई संसदीय स्थायी समितियों का पुनर्गठन किया और दो प्रवर समितियों, जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक और दिवाला एवं शोधन अक्षमता संहिता (संशोधन) विधेयक, का गठन किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी रक्षा संबंधी समिति के सदस्य हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा गृह मामलों की समिति की सदस्य हैं, पी. चिदंबरम वित्त संबंधी समिति के सदस्य हैं। जयराम रमेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन संबंधी समिति के सदस्य हैं। कांग्रेस नेता शशि थरूर को फिर से बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। थरूर विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष बने रहेंगे। द्रमुक की कनिमोझी करुणानिधि को उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण समिति का भी अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। विभिन्न समितियों के अन्य अध्यक्षों में भी कई ब दलाव किए गए हैं।

देश के पूर्वी राज्य में भारी बारिश

# ओडिशा की ओर बढ़ा गहरा दबाव मछुआरों को न जाने की चेतावनी

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर

बंगाल की खाड़ी के ऊपरी बना कम दबाव का क्षेत्र धीरे-धीरे गहरे दबाव के क्षेत्र में बदल गया है। यह ओडिश के तट की ओर बढ़ रहा है जिसके कारण गुरुवार को भारी बारिश हुई। राज्य सरकार ने कर्मियों और मशीनरी को तैनात किया है।सभी हिस्सों में मुख्य रूप से तटीय और दक्षिणी क्षेत्रों में बुधवार से ही भारी बारिश हो रही है। यहां के सभी 30 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।



### 17 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा गहरे दबाव का क्षेत्र

*बुधवार को रात में बंगाल की खाड़ी में गहरे दबाव का क्षेत्र बना जो 17 किलोमीटर प्रति घंटा से तट की ओर बढ़ रहा है। यह गोपालपुर से 190 किमी दक्षिण-दक्षिणपूर्व, कलिंगपट्टनम से 190 किमी पूर्व-दक्षिणपूर्व, ओडिशा)से 230 किमी दक्षिण, विशाखापट्टनम से 250 पूर्व और ओडिशा से 310 किलोमीटर दक्षिण-दक्षिणपश्चिम में केंद्रित थी।*

बारिश से रावण के पुतले भीगे रद्द हुए पीएम मोदी व शाह के कार्यक्रम

राजधानी दिल्ली में पर्व की रही धूम

# देशभर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दशहरा, कुछ स्थान पर बारिश ने डाला खलल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर में बृहस्पतिवार को बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा पूरे उत्साह के साथ मनाया गया। इसके साथ ही नौ दिवसीय नवरात्र उत्सव का समापन हो गया और लोग रावण के पुतलों का दहन देखने के लिए रामलीला मैदानों में उमड़ पड़े। हालांकि, शाम को दिल्ली समेत कुछ स्थानों पर बारिश ने खलल डाल दिया। बारिश से रावण के पुतले भीग गए और इस वजह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रमों को रद्द करना पड़ा। अधिकारियों ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी को इंद्रप्रस्थ रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित 'रावण दहन' कार्यक्रम में शामिल होना था, जिसे अचानक भारी बारिश के कारण रद्द कर दिया गया, जबकि अमित शाह बारिश के कारण पीतमपुरा में एक कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। रावण के अलावा, उसके भाई कुंभकर्ण और पुत्र मेघनाद के पुतले भी खुले मैदान में दहन किये गए।

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लाल किले पर दशहरा समारोह में शामिल हुईं

राष्ट्रीय राजधानी में बारिश के बीच, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लाल किले पर दशहरा समारोह में शामिल हुईं और माधवदास पार्क में रावण दहन के दौरान प्रतीकात्मक रूप से तीर चलाया। बारिश के बीच कई लोगों ने छाते लेकर यह कार्यक्रम देखा। मुर्मू ने कहा कि यह त्योहार हमेशा से बुराई पर अच्छाई, अहंकार पर विनम्रता और घृणा पर प्रेम की विजय का प्रतीक रहा है। उन्होंने सेना के ऑपरेशन सिंदूर की भी सराहना की और कहा कि यह आतंकवाद के रावण पर एक विजय है। उन्होंने मानवता की रक्षा के लिए सशस्त्र बलों को सलामी दी। मोदी पूर्वी दिल्ली के पटपड़गंज में दशहरा समारोह में शामिल होने वाले थे, लेकिन बारिश के कारण वे इसमें शामिल नहीं हो सके। इंद्रप्रस्थ रामलीला कमेटी के अध्यक्ष सुरेश बिंदल ने बताया कि बारिश के कारण पुतले क्षतिग्रस्त हो गए, लेकिन बाद में केंद्रीय मंत्री हर्ष मल्होत्रा, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, विधायक अरविंदर सिंह लवली और अन्य की उपस्थिति में उनका दहन किया गया।

तदर्थ सत्र न्यायाधीश समेत 17 अन्य सत्र न्यायाधीशों का मामला

# न्यायाधीश के खिलाफ एक भी नकारात्मक टिप्पणी 'अनिवार्य सेवानिवृत्ति' के लिए पर्याप्त

- गुजरात हाईकोर्ट ने 'उच्च नैतिक मूल्यों के साथ पूरी ईमानदारी' का आह्वान किया

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

गुजरात उच्च न्यायालय ने न्यायाधीशों से 'उच्च नैतिक मूल्यों के साथ पूरी ईमानदारी' बरतने का आह्वान करते हुए कहा कि किसी न्यायाधीश के पूरे सेवा रिकॉर्ड में उनके खिलाफ एक भी प्रतिकूल टिप्पणी या उनकी निष्ठा पर सवाल 'अनिवार्य सेवानिवृत्ति' के लिए पर्याप्त आधार है। न्यायमूर्ति एएस सुपेहिया और न्यायमूर्ति एलएस पीरजादा की पीठ ने कहा कि ऐसे न्यायिक अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करना भी आवश्यक नहीं है, क्योंकि जनहित में अनिवार्य सेवानिवृत्ति देना दंड के समान नहीं है।



याचिकाकर्ता जे के आचार्य एक तदर्थ सत्र न्यायाधीश थे और उन्हें नवंबर 2016 में उच्च न्यायालय की पूर्ण अदालत द्वारा 17 अन्य सत्र न्यायाधीशों के साथ अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त कर दिया गया था। उनकी याचिका को खारिज करते हुए उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि प्रत्येक न्यायाधीश को अपने न्यायिक कर्तव्य का निर्वहन निष्ठा, निष्पक्षता और बौद्धिक ईमानदारी के साथ करना चाहिए, क्योंकि वह जनता के विश्वास का पद धारण करते हैं।

### न्यायिक समीक्षा केवल अत्यंत सीमित आधारों पर ही स्वीकार्य

*उच्च न्यायालय की पीठ ने कहा कि सम्पूर्ण सेवा रिकॉर्ड में एक भी प्रतिकूल टिप्पणी या संदिग्ध निष्ठा, किसी न्यायिक अधिकारी को जनहित में अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त करने के लिए पर्याप्त है। किसी भी पदोन्नति या उच्च वेतनमान/चयन ग्रेड प्रदान करने का अनिवार्य सेवानिवृत्ति के आदेश पर कोई प्रभाव नहीं पड़ सकता।पीठ ने कहा कि उच्च न्यायालय की पूर्ण अदालत के न्यायाधीश किसी न्यायिक अधिकारी को उनकी सामान्य साख के आधार पर अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त कर सकते हैं, भले ही उनके विरुद्ध कोई ठोस सबूत न हो, और ऐसे आदेश की न्यायिक समीक्षा केवल अत्यंत सीमित आधारों पर ही स्वीकार्य है।*

### सेवानिवृत्त करने का निर्णय सभी न्यायाधीशों के सामूहिक विवेक पर निर्भर

*पीठ ने कहा कि जनहित में एक न्यायिक अधिकारी को अनिवार्य रूप से सेवानिवृत्त करने का निर्णय "सभी न्यायाधीशों के सामूहिक विवेक" को दर्शाता है और विभिन्न चरणों में सावधानीपूर्वक जांच और छान-बीन के बाद प्राप्त 'व्यक्तिपरक संतुष्टि और विचार-विमर्श' के महत्व को उजागर करता है। हम यह दोहराना चाहते हैं कि कभी-कभी संदिग्ध सत्यनिष्ठा को साबित करने के लिए ठोस या भौतिक साक्ष्य जुटाना तथा उसे रिकार्ड का हिस्सा बनाना बहुत कठिन होगा।*

बिहार में चुनावी सरगर्मी बढ़ी

# प्रमुख पार्टियों संग चुनाव आयोग की बैठ कल, तारीख का ऐलान जल्द होगा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बिहार विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग भाजपा, जेडीयू, आरजेडी और कांग्रेस सहित प्रमुख राजनीतिक दलों के साथ बैठक करेगी। 4 अक्टूबर को यह बैठक होगी। मुख्य निर्वाचन आयुक्त खुद सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। पटना के होटल ताज में यह बैठक होगी। माना जा रहा इस अब बहुत जल्द बिहार विधानसभा चुनाव के तारीखों का ऐलान भी हो जाएगा।

### लगातार समीक्षा कर रहे अधिकारी

*चुनाव को लेकर लगातार भारत निर्वाचन आयोग के अधिकारी समीक्षा कर रहे हैं। बुधवार को चुनाव की तैयारियों को लेकर भारत निर्वाचन आयोग के वरीय उप निर्वाचन आयुक्त मनीष गर्ग ने एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की थी। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस बैठक में बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी विनोद सिंह गुंजियाल और राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी कुंदन कृष्णन ने भी भाग लिया था।*

## चिंतन

# अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आ रहा पाक

कुत्ते की दुम को चाहे 14 साल नली में रखो, तो भी वह टेढ़ी ही रहेगी। हिन्दी की यह कहावत पड़ोसी पाकिस्तान पर सौ फीसदी फिट बैठती है। लगातार भारत से हार के झटके खाने के बाद भी वो सुधरने का नाम नहीं ले रहा। अभी बीते दिनों ही आपरेशन सिंदूर में हार से सबक लेने की बजाए वो अब नई खुराफात में लगा है। लगातार खबरें आ रही हैं कि पाकिस्तान सर क्रीक क्षेत्र में अपनी सेना के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करने में जुटा है। सर क्रीक विवाद 1960 के दशक से दोनों देशों के बीच लंबित है। सर क्रीक विवाद की वजह ये है कि भारत और पाकिस्तान यहां अपनी समुद्री सीमाओं की व्याख्या अलग तरह से करते हैं। वैसे इस विवाद की नींव 1914 के बॉम्बे सरकार के एक प्रस्ताव से पड़ गई थी। उस प्रस्ताव का मकसद सिंध और कच्छ डिवीजनों के बीच सीमा रेखा तय करना था। इसके नौवें पैराग्राफ के अनुसार सीमा क्रीक के पूर्व में पड़ती है। मतलब क्रीक सिंध का हिस्सा होता, लेकिन, साल 1947 में देश के बंटवारे के बाद, सिंध पाकिस्तान में चला गया और कच्छ भारत का हिस्सा बन गया। ऐसे इलाकों के लिए बने एक खास नियम को 'थैलवेग सिद्धांत' के नाम से जाना जाता है। पर पाकिस्तान का दावा है कि सर क्रीक में जहाज नहीं चल सकते। इसलिए, वह कहता है कि थैलवेग सिद्धांत यहां लागू नहीं होना चाहिए। जबकि,भारत का कहना है कि जब ऊंची ज्वार आती है तो यह पूरा इलाका जहाज चलाने के लिए पूरी तरह से उपयुक्त हो जाता है। यह भारतीय उपमहाद्वीप में मछली पकड़ने के लिए सबसे बड़ा इलाका है। इसी वजह से यहां आए दिन पाकिस्तानी मछुआरे चोरी छिपे घुसने की कोशिश में पकड़े जाते हैं और उनकी नौकाएं जब्त कर ली जाती हैं। पाकिस्तान अपने नापाक इरादों को अंजाम देने की कोशिश में यहां हमेशा लगा रहता है, लेकिन, दुर्गम दलदली क्षेत्र होने की वजह से यहां आवाजाही बहुत मुश्किल है। इसी इलाके में वह बदनाम क्षेत्र भी है, जो हरामी नाला के नाम से कुख्यात है। सुरक्षा बलों के लिए भी यहां गश्ती आसान नहीं है, क्योंकि गर्मियों में यहां दिन अत्यधिक गर्म और सर्दियों में रातें भयानक ठंडी हो जाती हैं। गुजरात के कच्छ के रण और पाकिस्तान के बीच 96 किलोमीटर लंबा दलदल वाला एक ज्वारीय मुहाने का नाम एक ब्रिटिश नागरिक पर पड़ा है। अब पाकिस्तान इस क्षेत्र में आर्मी के लिए सुविधाएं जुटाने में लगा है। उसकी इस नापाक हरकत पर विजयदशमी के दिन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जमकर फटकार लगाई। उन्होंने दो टूक कह दिया है कि पाकिस्तान को यह नहीं भूलना चाहिए कि सर क्रीक का एक रास्ता कराची तक भी जाता है। रक्षा मंत्री ने दो टूक शब्दों में कहा कि भारत ने विवाद को बातचीत के माध्यम से सुलझाने की कई सारी कोशिशें कीं, लेकिन पाकिस्तान की नीयत में ही खोट है, इसका इरादा अस्पष्ट है। सर क्रीक से सटे इलाके में पाकिस्तानी आर्मी ने हाल में जिस तरह से मिलिट्री इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार किया है, वह उसका इरादा उजागर करता है। उसने अगर गुस्ताखी की तो उसका इतिहास और भूगोल दोनों बदल सकते हैं। ऐसी उम्मीद नहीं की जा सकती कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की इस चेतावनी के बाद पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज आएगा। क्योंकि उसकी फितरत ही नापाक हरकतें करने की है। वो कहावत है ना कि जूते के आदी बातों से नहीं मानते, बस यही हाल हमारे पड़ोसी का भी है। भारत को हमेशा इसके लिए तैयार रहना होगा, तभी हम पाक को नापाक करते रहेंगे।

# शांति के प्रयास में हमास का सहयोग जरूरी



गाजा प्रकरण
डॉ. एन. के. सोमानी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मुलाकात के बाद जिस 20 सूत्री योजना का खाका सामने आया है, उससे पश्चिम एशिया में शांति की उम्मीद की जा रही है। राष्ट्रपति ट्रंप की इस योजना में इजरायली बंधकों को रिहा करने, हमास को हथियार विहीन करने व गाजा के पुनर्विकास की बात कही गई है। इजरायल ने योजना पर अपनी सहमति दे दी है लेकिन हमास अभी किन्तु-परन्तु की स्थिति में है। हमास का कहना है कि वह राष्ट्रपति ट्रंप की गाजा शांति योजना पर विचार करके प्रतिक्रिया देगा। कुल मिलाकर कहें तो प्रस्तावित शांति योजना में हमास को क्षेत्र से पूरी तरह से बाहर करने की कोशिश की गई।

पिछले दो साल से जंग की आग में झुलझ रहे गाजा में शांति बहाली की हल्की उम्मीद दिखाई देने लगी है। सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की मुलाकात के बाद जिस 20 सूत्री योजना का खाका सामने आया है, उससे पश्चिम एशिया में शांति की उम्मीद की जा रही है। राष्ट्रपति ट्रंप की इस योजना में इजरायली बंधकों को रिहा करने, हमास को हथियार विहीन करने व गाजा के पुनर्विकास की बात कही गई है। इजरायल ने योजना पर अपनी सहमति दे दी है लेकिन हमास अभी किन्तु-परन्तु की स्थिति में है। हमास का कहना है कि वह राष्ट्रपति ट्रंप की गाजा शांति योजना पर विचार करके प्रतिक्रिया देगा।

हालांकि ट्रंप ने हमास को चेतावनी देते हुए कहा कि उसके पास तीन-चार दिन का वक्त है, वरना परिणाम दुखद होंगे। लेकिन सवाल यह है कि जिस तरह से ट्रंप ने अपनी योजना में गाजा की राजनीतिक और प्रशासनिक व्यवस्था से हमास को पूरी तरह से अलग रखने की बात कही है क्या हमास उसको स्वीकार कर सकेगा। दूसरा योजना में जिस तरह से फिलिस्तीन को एक राष्ट्र के तौर पर प्रस्तुत करने की परिकल्पना की जा रही है, नेतन्याहू इसके लिए राजी होंगे। यह सवाल इसलिए बड़ा हो जाता है क्योंकि नेतन्याहू ने कभी भी फिलिस्तीन को एक राष्ट्र के तौर पर स्वीकार नहीं किया है। पिछले दिनों जब ब्रिटेन, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया ने फिलिस्तीन को एक राष्ट्र के रूप में औपचारिक रूप से मान्यता देने का ऐलान किया तो नेतन्याहू ने इसे आंतकवाद को प्रोत्साहित करने का बेतुका इनाम बताते हुए इजरायल के अस्तित्व को खतरे में डाल देने वाला कदम कहा। ऐसे में संभावना इस बात की भी है कि ट्रंप की प्रस्तावित शांति योजना जनवरी में हुए युद्ध विराम समझौते की तरह हमास-इजरायल हथकंडों की भेंट चढ़ जाए।

डोनाल्ड ट्रंप ने इजरायल-हमास के बीच युद्ध विराम को लेकर अरब देशों के साथ एक 20 सूत्री शांति प्रस्ताव साझा किया है। शांति प्रस्ताव में इजरायल-हमास के बीच जारी संघर्ष को रोकने व पश्चिम एशियाई क्षेत्र में शांति के लिए गाजा को कट्टरपंथ और आतंकवाद मुक्त क्षेत्र बनाने की बात कही गई है। प्रस्तावित शांति योजना के अनुसार इजरायल गाजा पर दावा नहीं करेगा और कभी उस पर कब्जा करने की कोशिश नहीं करेगा। दोनों पक्षों की सहमति पर युद्ध विराम लागू होगा। इजरायली सेना पीछे हटेगी और बंधकों की रिहाई की तैयारी की जाएगी। इस दौरान सभी सैन्य गतिविधियां स्थगित रहेंगी। इसके अलावा शांति योजना में हमास को 72 घंटे के भीतर सभी बंधकों (जीवित या मृत) को वापस करना होगा। बंधकों की रिहाई के बाद इजरायल आजीवन कारावास की सजा काट रहे 250 कैदियों और 1700 गाजा वासियों को रिहा करेगा। प्रस्तावित शांति योजना में गाजा के पुनर्निर्माण का चरणबद्ध उल्लेख किया गया है। गाजा के पुनर्निर्माण का काम वहां के नागरिकों की इच्छानुसार जाएगा। प्रशासनिक कार्य के लिए एक गैर राजनीतिक समिति का गठन किया जाएगा। हमास और अन्य गुटों को इस समिति से दूर रखा जाएगा। समिति के कार्यों की निगरानी के लिए एक बोर्ड ऑफ पीस का प्रावधान भी किया गया है जिसके अध्यक्ष स्वयं डोनाल्ड ट्रंप हैं। पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर सहित अन्य वैश्विक



नेताओं को बोर्ड के सदस्य के रूप में शामिल किया जाएगा। बोर्ड का मुख्य कार्य गाजा के विकास और इसके लिए वित्तीय संसाधन जुटाने का होगा। हमास और अन्य गुटों से समझौते की पालना करवाने और गाजा भविष्य में किसी अन्य देश के लिए खतरा नहीं बनेगा, इस बात की जिम्मेदारी क्षेत्रीय देशों के कंधों पर डाली गई है। क्षेत्र में शांति स्थापना के प्रयासों को किसी तरह से नुकसान न पहुंचे, इसके लिए अमेरिका अपने अरब और दूसरे अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों के साथ मिलकर एक अंतरराष्ट्रीय बल तैनात करेगा। यह बल फिलिस्तीन में पुलिस प्रणाली को विकसित और प्रशिक्षित करने का काम भी करेगा।

कुल मिलाकर कहें तो प्रस्तावित शांति योजना में हमास को क्षेत्र से पूरी तरह से बाहर करने की कोशिश की गई। दरअसल, सात अक्टूबर 2023 को इजरायल पर हमास के हमले के बाद दोनों पक्षों के बीच छिड़ी जंग में अब तक 66 हजार से अधिक लोगों की मौतें हो चुकी हैं जिनमें बड़ी संख्या में बच्चों और औरतें भी शामिल हैं। संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठन गाजा के मानवीय संगठन पर चिंता जता रहे हैं। ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी जैसे देश गाजा में तत्काल युद्ध विराम करने और इजरायल से नागरिकों की मदद करने के लिए मानवीय सहायता उपलब्ध करवाने का आग्रह कर रहे हैं। लेकिन अमेरिकी शह के चलते इजरायल सभी तरह के प्रस्तावों की अनदेखी करता रहा।

हालांकि, इससे पहले जनवरी माह में 15 महीने के नरसंहार के बाद दोनों पक्ष तीन चरणों वाले युद्ध विराम समझौते के लिए सहमत हुए थे। इस समझौते में 19 जनवरी से छह सप्ताह के लिए सैन्य कार्रवाइयों पर रोक लगाने, इजरायली सेना के वापस लौटने और जबरन विस्थापित हुए फिलिस्तीनियों को अपने घरों को लौटने की बात कही गई थी। समझौते में गाजा में बंदी बनाए गए इजरायली नागरिकों को रिहा करने व इजरायल की जेलों में बंद फिलिस्तीनियों को रिहा करने की बात कही गई थी। युद्ध विराम समझौते में इजरायल ने प्रतिदिन गाजा में 600 ट्रक मानवीय सहायता भेजने की अनुमति दी थी। लेकिन मार्च के मध्य में समझौते के दूसरे चरण पर चर्चा शुरू हो पाती, उससे पहले ही इजरायल ने हमास पर हथियार जुटाने तथा नये हमले की योजना बनाने का आरोप लगाकर समझौता समाप्त कर दिया और गाजा पट्टी में हमास के ठिकानों पर हमले तेज कर दिए। हमले के पीछे इजरायल का तर्क था कि हमास बंधकों की रिहाई में आना-कानी कर रहा है। निसंदेह, ट्रंप की योजना फिलिस्तीन और इजरायल के लोगों के साथ-साथ पूरे पश्चिम एशियाई क्षेत्र के लिए दीर्घकालिक शांति, सुरक्षा और विकास के स्वप्न को साकार करने में एक व्यवहार्य मार्ग प्रदान करती है। लेकिन योजना की सफलता का बड़ा दारोमदार हमास और इजरायल के नेताओं की सद्इच्छा पर निर्भर करेगा। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस योजना का भारत सहित कई अरब और मुस्लिम देशों ने समर्थन किया है।

इन देशों में जॉर्डन, कतर, संयुक्त अरब अमीरात, इंडोनेशिया, पाकिस्तान, तुर्किए, सऊदी अरब और मिस्र शामिल है। इसके अलावा कई अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं ने इस योजना की पुष्टि की है। बहुत संभव है कि अगले कुछ दिनों में इस पर मुहर भी लग जाए। लेकिन जिस तरह से गाजा के राजनीतिक और प्रशासनिक ढांचे के निर्माण और विकास से हमास को अलग रखा गया है उसे देखते हुए कहना मुश्किल है कि पश्चिम एशिया में दीर्घकालिक शांति के प्रयास सफल होंगे। यही नहीं, अब भारत इजरायल-हमास जंग को लेकर एक संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों का सम्मेलन बुला रहा है। इसमें दुनिया के दर्जनों देश हिस्सा लेंगे, हालांकि पाकिस्तान और चीन को न्यौता नहीं भेजा गया।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## नवाचार
सुनील कुमार महला




# इंसान बनाम आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस होगा अब रोजगार

आज विज्ञान और तकनीक का युग है। विज्ञान और तकनीक के इस युग ने मनुष्य को बहुत कुछ दिया है और एआई भी निश्चित रूप से इनमें से एक है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज हम सभी एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) के जमाने में सांस ले रहे हैं और वर्तमान समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तेजी से हमारे जीवन का हिस्सा बनती जा रही है। एआई से काम करना आज बहुत आसान या यूं कहें कि सरल हो गया है। शिक्षा से लेकर स्वास्थ्य, कृषि, उधोग व व्यापार, परिवहन, सुरक्षा, बैंकिंग व वित्त, मनोरंजन, घर और दैनिक जीवन, अंतरिक्ष तक आज कौनसा क्षेत्र है, जहां एआई से काम नहीं हो रहा है? यानी कि सब जगह आज एआई का धड़ल्ले से इस्तेमाल या प्रयोग किया जा रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, संचार, बैंकिंग, कृषि, उद्योग और सुरक्षा जैसे लगभग सभी क्षेत्रों में एआई का प्रयोग बढ़ने से जहां अनेक नए अवसर पैदा हो रहे हैं, वहीं रोजगार के परिदृश्य में भी बड़े बदलाव देखने को मिल रहे हैं। कई विशेषज्ञों का यह मानना है कि आने वाले वर्षों में एआई पारंपरिक नौकरियों को प्रभावित करेगी और काम करने के तरीकों में मूलभूत परिवर्तन लाएगी। मानव की तुलना में एआई विभिन्न कार्यों को तेजी और सटीकता से करने में सक्षम है। परिणामस्वरूप, कई जगह मानव श्रमिकों (मैनपावर) की आवश्यकता घटने लगी है। बहरहाल, यहां यह कहना ग़लत नहीं होगा कि एआई का प्रभाव मुख्यतः उन क्षेत्रों पर अधिक होगा, जहां कार्य दोहराए जाते हैं और निर्णय सीमित जानकारी के आधार पर लिए जाते हैं। उदाहरण के तौर पर कस्टमर सपोर्ट के लिए पहले जहां कॉल सेंटर में हजारों कर्मचारी कार्य करते थे, आज वहां चैटबॉट और वर्चुअल असिस्टेंट यह काम कर रहे हैं। इसी प्रकार निर्माण उद्योग में उत्पादन, पैकेजिंग और क्वालिटी चेक जैसे कार्य रोबोट द्वारा किए जा रहे हैं। आज सेल्फ ड्राइविंग गाड़ियां आ चुकीं हैं, ये सब एआई के कारण संभव हुआ है, यह ठीक है लेकिन भविष्य में ये सब परिवहन के क्षेत्र में ड्राइवरों और डिलीवरी कर्मचारियों की मांग कम कर सकते हैं। आज एआई के कारण लेखा-जोखा और बैंकिंग का काम आसान हो गया है। एआई आधारित सॉफ्टवेयर तुरंत गणना, विश्लेषण और रिपोर्ट तैयार कर सकते हैं, पहले इसके लिए मैनपावर की जरूरत होती थी। आज एआई का उपयोग मीडिया के क्षेत्र में और कंटेंट तैयार करने में किया जा रहा है। समाचार लेखन, अनुवाद और वीडियो संपादन जैसे काम भी अब आंशिक रूप से एआई कर रहा है, ऐसे में मैनपावर की जरूरत पहले की तुलना में काफी कम हो गई है। यह भी एक तथ्य है कि हालांकि, एआई से नौकरियां खत्म होंगी, लेकिन साथ ही नए रोजगार भी बनेंगे।

उदाहरण के लिए, एआई सिस्टम को डिजाइन करने, उसका रखरखाव करने और उसे सुरक्षित बनाने के लिए विशेषज्ञों की आवश्यकता होगी। आज के युग में निरंतर डाटा वैज्ञानिक, मशीन लर्निंग इंजीनियर, साइबर सिक्योरिटी विशेषज्ञ और एआई नैतिकता से जुड़े पदों की मांग लगातार बढ़ रही है। इसके अतिरिक्त, यह भी एक तथ्य है कि एआई के कारण हेल्थकेयर, शिक्षा और कृषि क्षेत्र समेत अनेक क्षेत्रों में नए नवाचार होंगे, जिससे नई तरह की नौकरियां पैदा होंगी। संक्षेप में कहें तो एआई के दोनों पहलू हैं। इसमें अवसर (अपार्चुनिटीज) भी हैं और चुनौतियां (चैलेंजेज) भी हैं। सबसे बड़ी चुनौती यह है कि पारंपरिक नौकरियों पर निर्भर लोगों को नए कौशल सिखाना और तकनीक के अनुकूल बनाना आज के समय की बड़ी मांग है। इसके लिए स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम चलाए जाने की आवश्यकता है। इसके अलावा, एआई का नैतिक और जिम्मेदार उपयोग सुनिश्चित करना भी जरूरी है ताकि यह केवल मुनाफे का साधन न रहकर मानव कल्याण का साधन बने। एआई मशीन आधारित तकनीक है, इसमें मानव जैसी भावनाएं, संवेदनाएं या नैतिक मूल्य स्वयं से मौजूद नहीं होते। यह केवल डेटा, एल्गोरिद्म और प्रोग्रामिंग पर आधारित होकर कार्य करता है। यदि हम रचनात्मक सोच, तकनीकी शिक्षा और कौशल-विकास पर ध्यान दें तो एआई नई संभावनाओं के द्वार खोलेगा। सच तो यह है कि एआइ के सकारात्मक और नकारात्मक दोनों ही पहलू हैं। एआई के सकारात्मक पहलू की बात करें तो यह नई नौकरियों के सृजन,काम की गुणवत्ता में सुधार, उत्पादकता में वृद्धि, सुरक्षा और जोखिम प्रबंधन की दृष्टि से एक वरदान है। वहीं दूसरी ओर एआई से नौकरियों के खत्म होने के साथ ही साथ कौशल असमानता का खतरा पैदा हो सकता है। एआई में मानव भावनाओं का अभाव होता है। एआई से इंसान के अपने सोचने और समस्या हल करने की क्षमता कमजोर हो सकती है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## आनंदमय कोष की प्राप्ति



संकलित
दर्शन

अन्नमय कोष, प्राणमय कोष, मनोमय कोष, विज्ञानमय कोष के पश्चात प्रवेश होता है आनंदमय कोष में। अन्न से उत्पन्न यह शरीर त्वचा, मांस, चर्म और रुधिर युक्त है। यह आत्मा नहीं है। प्राणमय कोष भी आत्मा नहीं, क्योंकि प्राण वायु के रूप में शरीर में आता-जाता है। मनोमय कोष व्यक्ति को विषयों में आसक्त करता है और आत्मभाव में स्थित नहीं होने देता है, इसलिए यह भी आत्मा नहीं है। जागृति, स्वप्न, सुषुप्ति, सुख-दुख, जन्म-मरण, लाभ-हानि विज्ञानमय कोष में रहते हैं, इसलिए यह भी आत्मारूप आनंदमय कोष नहीं हो सकता है। श्रीरामचरितमानस में मात्र श्रीभरत इन कोषों का उपादान रूप में उपयोग करते हुए भी आनंदमय कोष हैं, जिनका राम से सर्वथा ऐक्य है। सारा संसार भरत की इस महत भूमिका के कारण ही दीपावली का प्रकाश पर्व मनाता है।दीपावली सनातन संस्कृति का सर्वाधिक महत्वपूर्ण त्योहार है। पूरा कार्तिक माह घरों तथा व्यापारिक संस्थानों की स्वच्छता व सजावट में लग जाता है। दीपावली के इस दृष्ट बाह्य और लौकिक रूप में कौन-सा आंतरिक तत्व छिपा है, जिसे जानने के पश्चात दीपावली हमें हमारे मूल वैदिक परंपराओं की नींव से जोड़ देती है। श्रीरामचरितमानस में भक्ति के सोपानों का वर्णन अरण्यकांड में है, जिसका विश्लेषण भगवान श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण की जिज्ञासा-समाधान में करते हैं। उसी तरह ज्ञान प्राप्ति के सोपानों का वर्णन मानस के अंतिम उत्तरकांड में काकभुशुंडि जी गरुड़ जी के समक्ष करते हैं।

## गुरु नानक के आशीर्वाद का रहस्य



संकलित
प्रेरणा

एक बार गुरु नानक देव जी अपने शिष्यों के साथ एक ऐसे गांव में पहुंचे जहां के लोग साधु-संन्यासी लोगों को बिल्कुल भी पसंद नहीं करते थे। गुरु नानक जी वहां गए तो उनसे भी वहां के लोगों ने ऐसा ही व्यवहार किया। जब वो परेशान होकर उस गांव से जाने लगे तो गांव के लोगों ने कहा कि, महात्माजी कुछ आशीर्वाद तो देते जाइए। गुरु नानक थोड़ी देर तक हंसते रहे फिर बोले, खूब आबाद रहो। इसके बाद वो आगे बढ़ गए। इस बीच कुछ गांव के लोग भागते हुए वहां पहुंचे। सभी उनकी सेवा करने लगे। उन्होंने फिर से गुरुनानक जी से आशीर्वाद मांगा। तब उन्होंने कहाः सभी उजड़ जाओ। गुरु नानक के ऐसे अटपटे आशीर्वाद से परेशान होकर एक व्यक्ति ने उनसे पूछाः महात्मा जी! जिन लोगों ने अतिथि धर्म का तिरस्कार किया उन्हें आपने आबाद रहने का और जो लोग आपकी सेवा में आए उन्हें उजड़ने का आशीर्वाद क्यों दिया। गुरु नानक जी ने उस व्यक्ति से कहा किः सज्जन व्यक्ति जहां जाता है वो वहां अपनी अच्छाइयों को ले जाता है। यह दुर्जन से बेहतर होता है। इसलिए मैंने पहले जब वो दुर्जन थे तो उन्हें एक जगह आबाद रहने का आशीर्वाद दिया और जब वो सज्जन बन गए और मेरे पास आशीर्वाद लेने आए तो मैंने उन्हें उजड़ने यानी समाज में अच्छाई फैलाने का आशीर्वाद दिया।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### कब खत्म होगी बुराई

दशहरा, जिसे विजयदशमी भी कहा जाता है, हमारे समाज में बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इस दिन रावण का दहन करके यह संदेश दिया जाता है कि बुराइयां समाप्त हो जाएं और धर्म और नैतिकता की स्थापना हो। परंतु आज के दौर में यह पर्व केवल उत्सव और मनोरंजन का साधन बनता जा रहा है। रावण दहन के पुतले जलते हैं, मगर समाज में व्याप्त रावण– यानी अपराध, दुराचार और नैतिक पतन– लगातार बढ़ते जा रहे हैं। हर साल दशहरे पर लोग बड़े उत्साह के साथ रावण के पुतले फोड़ते और जला देते हैं। इसका उद्देश्य हमेशा यह रहा कि बुराइयों का नाश हो और अच्छाई की विजय हो। लेकिन वर्तमान समाज में यह प्रतीकात्मक क्रिया केवल दृश्य मनोरंजन बनकर रह गई है। इस अवसर पर समाज को यह चिंतन करना है कि क्या सचमुच बुराई खत्म हो गई या नहीं?

*– प्रवीण भाटिया, भाटापारा*

## करंट अफेयर

# अफगान में इंटरनेट सेवा बंद होने पर भ्रम फैला

अफगानिस्तान में इंटरनेट कनेक्टिविटी को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है, क्योंकि कुछ नेटवर्क बुधवार को फिर से चालू हो गए, जो सोमवार से बंद थे। असोसिएटेड प्रेस (एपी) ने पहले एक बयान की खबर दी थी, जिसमें कहा गया था कि तालिबान ने इंटरनेट बंद होने की घटना को जानबूझकर नहीं बताया और कहा कि पुरानी फाइबर ऑप्टिक केबलें खराब हो गई थीं, जिनकी अब मरम्मत की जा रही है। हालांकि बाद में यह पता चला कि यह बयान झूठा था। तालिबान कभी-कभी पाकिस्तानी पत्रकारों से संवाद करने के लिए एक व्हाट्सएप समूह का इस्तेमाल करते हैं। यह झूठा बयान उस समूह के कुछ सदस्यों को व्यक्तिगत रूप में भेजा गया था लेकिन इसे समूह में नहीं डाला गया था। यह संदेश एक अफगान उपयोगकर्ता ने भेजा था, जिसका नाम तालिबान के आधिकारिक व्हाट्सएप समूह के नाम से मिलताजुलता था। संदेश भेजने वाला यह व्यक्ति गायब हो गया है और उसकी पहचान का पता नहीं चल सका। वही बयान सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर भी पोस्ट किया गया था लेकिन वह तालिबान के बजाय तालिबान समर्थक द्वारा चलाए गए एक अकाउंट से था। इंटरनेट की बंदी के कारण एपी के लिए फाइबर ऑप्टिक केबल की मरम्मत पर और जानकारी हासिल करने के वास्ते तालिबान के प्रवक्ता से संपर्क करना मुश्किल था।



## ऑफ बीट

# धीरे-धीरे दौड़ने के कई फायदे आए सामने

धावकों को समय को लेकर जुनून होता है। शौकिया हों या पेशेवर, अधिकतर धावकों का उद्देश्य तेजी से दौड़ना होता है। वे अपने मैराथन समय में से कुछ सेकंड कम करने के लिए लगातार प्रशिक्षण लेते हैं। लेकिन हाल के वर्षों में दौड़ने का जो चलन जोर पकड़ रहा है, वह है 'धीमी गति से दौड़ना'। इस चलन के पीछे विचार यह है कि कोई भी दौड़ सकता है – चाहे आपकी क्षमता कुछ भी हो या आप कितनी भी तेज दौड़ें। एक मजबूत आधार विकसित करने से काम करने वाली मांसपेशियों को प्रति धड़कन अधिक ऑक्सीजन पहुंचाने की क्षमता मिलती है, जो दौड़ में सफल होने के लिए महत्वपूर्ण है। इतना ही नहीं, बल्कि धीमी गति से दौड़ने से शरीर ऊर्जा के लिए संग्रहीत वसा का इस्तेमाल करता है। यह प्रक्रिया खाद्य पदार्थों से प्राप्त कार्बोहाइड्रेट संग्रह पर निर्भर रहने के विपरीत है। शरीर में एकत्र वसा का खंडित होना चयापचय की दृष्टि से कहीं अधिक कुशल प्रक्रिया है, क्योंकि वसा के एक अणु से प्राप्त ऊर्जा की मात्रा कार्बोहाइड्रेट के एक अणु से प्राप्त ऊर्जा की मात्रा से कहीं अधिक होती है। इसका मतलब है कि धावक कुल मिलाकर कम ऊर्जा का उपयोग करेंगे और कम थकेंगे तथा दौड़ के दिन तेजी से दौड़ने में सक्षम होंगे।



## ट्रेंड

### भारतीय संगीत को क्षति



बनारस घराने के एक प्रकाशमान व्यक्तित्व पंडित छन्नूलाल मिश्र के निधन से भारतीय संगीत को अपूरणीय क्षति हुई है। उन्होंने शास्त्रीय गायन को नए आयाम दिए। कई अन्य सम्मानों के साथ उन्हें पद्म विभूषण से भी सम्मानित किया गया था।"

**- द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**

### खादी हमारी संस्कृति



खादी केवल वस्त्र नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा की अभिव्यक्ति है। यह हमारी संस्कृति, हमारे कारीगरों की मेहनत और आत्मनिर्भर भारत के स्वप्न का प्रतीक बनकर खड़ी है। खादी की यह यात्रा हमें स्मरण कराती है कि स्वावलंबन ही राष्ट्रीय गौरव का पथ है।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### लालफीताशाही समाप्त



पिछले कुछ वर्षों में, हमने जन कल्याणकारी कार्यों से लालफीताशाही को समाप्त कर दिया है। मेरे या मेरे सहयोगियों के ध्यान में लाया गया कोई भी मुद्दा तुरंत कार्रवाई के लिए तैयार किया जाता है।

**- हिमंत बिस्वा सरमा, सीएम, असम**

### गांधी का संदेश



महान नेता महात्मा गांधी का नाम इतिहास के पन्नों पर स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। संघर्ष और मतभेदों से त्रस्त दुनिया में आज भी उनका संदेश भविष्य के लिए दिशा दिखाने वाले प्रकाश का काम करता है। खासकर बढ़ते विभाजन के दौर में।

**- ममता बनर्जी, सीएम, प. बंगाल**

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

**खबर संक्षेप**



## दीप्ति बनीं सर्वाधिक विकेट लेने वाली भारतीय स्पिनर

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वनडे विश्व कप 2025 के अपने पहले मैच में श्रीलंका क्रिकेट टीम को डक वर्थ लुईस की बदौलत 59 रन से शिकस्त दी। भारत की इस जीत में दीप्ति शर्मा ने ऑलराउंड प्रदर्शन किया। उन्होंने पहले बल्लेबाजी में अर्धशतक लगाया और फिर गेंदबाजी में 3 विकेट लिए। इस बीच वह वनडे में सर्वाधिक विकेट वाली भारतीय महिला स्पिनर बनी। नीतू डेविड से आगे निकली दीप्ति बल्लेबाजी में छाप छोड़ने वाली दीप्ति ने गेंदबाजी में भी कमाल किया। इस ऑफ स्पिनर ने अपने 10 ओवर में 54 रन देते हुए 3 विकेट लिए। उनके नाम अब 28.19 की औसत के साथ 143 विकेट हो गए हैं। वह वनडे प्रारूप में दूसरी सर्वाधिक विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज बनी। उन्होंने नीतू डेविड (141) को पीछे छोड़ा। उनसे आगे इस सूची में फिलहाल सिर्फ झूलन गोस्वामी (255) हैं।

## चहल अगले काउंटी में भी नॉर्थम्पटनशायर से खेलेंगे



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्पिनर युजवेंद्र चहल 2026 सीजन में नॉर्थम्पटनशायर काउंटी क्रिकेट क्लब में वापसी करेंगे। वह इससे पहले 2024 और 2025 सीजन में भी इसी टीम के लिए खेल चुके हैं। क्लब ने हाल ही में बताया कि चहल टीम के साथ अपने कार्यकाल के दौरान वनडे कप और काउंटी चैंपियनशिप के लिए उपलब्ध रहेंगे। बता दें कि चहल ने काउंटी चैंपियनशिप में कुल 31 विकेट लिए हैं। नॉर्थम्पटनशायर के मुख्य कोच डैरेन लेहमैन भी चहल की अपनी टीम में वापसी से बेहद खुश हैं। उन्होंने कहा, युजी इस टीम के लिए एक शानदार खिलाड़ी रहा है। उनके करियर का रिकॉर्ड अपने आप में बहुत कुछ कहता है और वह टीम में अनुभव लेकर आते हैं।

## पाकिस्तान क्रिकेट टीम की कमान संभालेंगे मसूद

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 12 अक्टूबर से दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के खिलाफ शुरू होने वाली 2 मैचों की घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए अपनी 18 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में वरिष्ठ खिलाड़ी बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान की वापसी हुई है, जो टी-20 एशिया कप में नहीं खेल पाए थे। शान मसूद टेस्ट मैचों में टीम की कप्तानी जारी रखेंगे, जबकि रिजवान विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे।

## बीएफआई कपः अमित पंघाल, मंजू अगले दौर में

**चेन्नई।** एशियाई और राष्ट्रमंडल खेल स्वर्ण पदक विजेता सेना के मुक्केबाज अमित पंघाल ने पंजाब के स्पर्श कुमार को 5.0 से हराकर बीएफआई कप एलीट पुरुष वर्ग के अगले दौर में पहुंच गए हैं।



एलीट महिला वर्ग में विश्व चैम्पियनशिप की पूर्व रजत पदक विजेता रेलवे की मंजू रानी और युवा विश्व चैम्पियन असम की अंकुशिता बोरो और सेना की अरूंधति चौधरी ने भी जीत दर्ज की। सेना के एस विश्वनाथ (50 किलो) और प्रीत मलिक (65 किलो) भी 5.0 से जीत दर्ज करके अगले दौर में पहुंच गए। रेलवे के रवि कुमार (75 किलो) और तमिलनाडु के सी लुकास (50 किलो) ने भी अगले दौर में प्रवेश किया। महिला वर्ग में मंजू रानी ने पंजाब की कशिश मेहता को 48 किलो वर्ग में 5.0 से हराया। वहीं अरूंधति ने 70 किलोवर्ग में हरियाणा की मनीषा को मात दी।

# जल्द ही औपचारिक रूप से भारत लाई जाएगी एशिया कप 2025 की ट्रॉफी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एशिया कप 2025 की ट्रॉफी के लिए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और एशियन क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष मोहसिन नकवी के बीच पिछले कुछ दिनों से विवाद जारी है। इन सबके बीच ये खबर है कि फिलहाल एशिया कप की यह ट्रॉफी दुबई स्थित एसीसी के क्षेत्रीय कार्यालय में रखी हुई है और जल्द ही इसे भारत लाया जाएगा।

### भारत भेजी जाएगी ट्रॉफी

रिपोर्ट के मुताबिक, इस ट्रॉफी को या तो औपचारिक रूप से भारत भेज दिया जाएगा या दुबई में किसी भारतीय अधिकारी को सौंप दिया जाएगा, जो इसे वापस ले आएंगे। रिपोर्ट्स के अनुसार, नकवी मंगलवार तक दुबई में ही मौजूद थे, जहां एसीसी का क्षेत्रीय कार्यालय स्थित है। बता दें कि नकवी ने हाल ही में संपन्न हुई एसीसी की बैठक में ट्रॉफी को भारत में भेजने से इनकार कर दिया था।



### नकवी को एसीसी से चलता करेगा बीसीसीआई

इस ट्रॉफी के विवाद के बाद से बीसीसीआई नकवी को एसीसी के अध्यक्ष पद से हटाने की योजना बना रहा है। शीर्ष सूत्रों ने बताया कि वे रिपोर्ट दर्ज कराने और यूएई के अधिकारियों से आग्रह करने की योजना बना रहे हैं कि नकवी के आचरण की आधिकारिक जांच होनी चाहिए। उनका तर्क है कि उनके व्यवहार ने विजेता टीम के अपमान के साथ-साथ इस मामले में राजनीति भी शामिल की है।

### क्या है ट्रॉफी का पूरा विवाद?

फाइनल के बाद भारतीय टीम ने नकवी के हाथों से ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया था। एसीसी अधिकारियों ने हस्तक्षेप कर सुझाव दिया कि पुरस्कारों की प्रस्तुति एमिरेट्स क्रिकेट बोर्ड के उपाध्यक्ष खालिद अल जरूनी से करा ली जाए, लेकिन नकवी ने ऐसा नहीं होने दिया। इसके बाद नकवी भारतीय टीम की ट्रॉफी को अपने साथ लेकर होटल रवाना हो गए। बीते मंगलवार को एसीसी की बैठक में वह ट्रॉफी देने से पीछे हट गए थे।

### माफी भी मांग चुका है नकवी

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, नकवी ने बैठक में बीसीसीआई से खेद व्यक्त किया और माना था कि फाइनल के बाद स्थिति इतनी बिगड़नी नहीं चाहिए थी। इस गलती को स्वीकारने के बावजूद उन्होंने बीसीसीआई को सीधे तौर पर ट्रॉफी देने से इनकार किया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, नकवी ने सुझाव दिया कि भारतीय टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव दुबई जाकर व्यक्तिगत रूप से उनसे ट्रॉफी लें। हालांकि, इस पर बीसीसीआई का प्रतिनिधित्व करने वाले अधिकारियों ने आपत्ति व्यक्त की थी।

### टेस्ट सीरीज : राहुल ने ठोका पचासा, सिराज ने 4, बुमराह ने चटकाए 3 विकेट

# भारत के नाम रहा पहला दिन, विंडीज को 162 पर समेटा, 2 विकेट पर बनाए 121 रन


एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

भारत-वेस्टइंडीज के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला गुरुवार से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शुरू हुआ। पहले दिन का खेल पूरी तरह से भारत के नाम रहा।

इस मुकाबले में वेस्टइंडीज की पहली पारी 162 के स्कोर पर सिमट गई। इसके जवाब में उतरी भारतीय टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक 2 विकेट खोकर 121 रन बना लिए। केएल राहुल फिफ्टी लगाकर नाबाद हैं। गेंदबाजी में सिराज को 4 तो बुमराह को 3 विकेट मिले. वहीं, कुलदीप यादव ने भी दो विकेट झटके. वॉशिंगटन सुंदर को 1 विकेट मिला है। यह मुकाबला विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के लिहाज से बेहद अहम है।

### भारत ने शुरुआत से ही बनाया दबाव

भारत के सलामी बल्लेबाज के तौर पर यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने पारी की शुरुआत की। दोनों के बीच 68 रनों की साझेदारी हुई। यशस्वी जायसवाल 36 रन बनाकर आउट हो गए। वहीं, साई सुदर्शन भी सस्ते में निपट गए। साई के बल्ले से केवल 7 रन ही आए। केएल राहुल अर्धशतक बनाकर क्रीज में डटे हुए हैं। कप्तान शुभमन गिल 18 रन बनाकर साथ निभा रहे हैं। दिन का खेल समाप्त होने तक भारत 41 रन पीछे हैं।




### विंडीज टीम पर रहा गेंदबाजों का खौफ

पहली पारी में वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही। 12 रनों के स्कोर पर ही वेस्टइंडीज को पहला झटका लग गया। तेजनारायण चंद्रपॉल (0 रन) तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की गेंद पर विकेटकीपर ध्रुव जुरेल के हाथों लपके गए। इसके बाद दूसरे सलामी बल्लेबाज जॉन कैम्पबेल (8 रन) को जसप्रीत बुमराह ने पवेलियन भेजा। सिराज का कहर देखने को मिला और उन्होंने दो और विकेट झटके। लंच से पहले कुलदीप यादव ने वेस्टइंडीज को 5वां झटका दिया और शाई होप अपना विकेट गंवा बैठे। इसके बाद विंडीज को 7वां झटका सुंदर ने दिया। इसके बाद बुमराह ने विंडीज को 8वां और 9वां झटका दिया। कुलदीप ने विंडीज की पारी का खात्मा किया।

### पतझड़ जैसे गिरे वेस्ट इंडीज के विकेट

वेस्ट इंडीज के विकेट पतन इस प्रकार हुए- 12-1 (तेजनारायण चंद्रपॉल, 3.5 ओवर), 20-2 (जॉन कैम्पबेल, 6.1 ओवर), 39-3 (ब्रैंडन किंग, 9.6), 42-4 (एलिक अथानाजे, 11.4), 90-5 (शाई होप, 23.2), 144-7 (खारी पियरे, 37.5), 150-8 (जस्टिन ग्रीव्स, 38.6), 153-9 (जोहान लेने, 40.1),162-10 (जोमेल वार्रिकन, 44.1)

### स्कोर बोर्ड

| वेस्टइंडीज पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| कैंपबेल का जुरेल बो बुमराह | 08 | 19 | 2 | 0 |
| चंद्रपॉल का जुरेल बो बुमराह | 00 | 11 | 0 | 0 |
| ऐलेक ऐथेनाज का राहुल बो सिराज | 12 | 24 | 2 | 0 |
| ब्रैंडन किंग बो सिराज | 13 | 15 | 3 | 0 |
| रॉस्टन चेज का जुरेल बो सिराज | 24 | 43 | 4 | 0 |
| शाई होप बो कुलदीप | 26 | 36 | 3 | 0 |
| जस्टिन ग्रीव्स बो बुमराह | 32 | 48 | 4 | 0 |
| खारे पिएरे पगबाधा सुंदर | 11 | 34 | 2 | 0 |
| जोमेल का जुरेल बो कुलदीप | 08 | 16 | 1 | 0 |
| जोहान लेन बो बुमराह | 01 | 04 | 0 | 0 |
| जेडेन सील्स नाबाद | 06 | 16 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 21,
कुल योग: 44.1 ओवर 162/10 रन
गेंदबाजी: बुमराह 14-3-42-3, सिराज 14-3-40-4, रेड्डी 4-1-16-0, जडेजा 3-0-15-0, कुलदीप 6.1-0-25-2, सुंदर 3-0-9-1

| भारत पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| यशस्वी का होप बो सील्स | 36 | 54 | 7 | 0 |
| लोकेश राहुल खेल रहे हैं | 53 | 114 | 6 | 0 |
| साई सुदर्शन पगबाधा चेज | 07 | 19 | 0 | 0 |
| शुभमन गिल खेल रहे हैं | 18 | 42 | 1 | 0 |

अतिरिक्त: 07,
कुल योग: 38 ओवर में 121/2 रन
गेंदबाजी: सील्स 8-2-21-1, लायने 6-0-14-0, ग्रीव्स 4-2-19-0 वारिकन 6-2-21-0, पियरे 9-0-25-0, चेज 5-0-16-1

### महिला विश्व कपः मारूफा अख्तर की शानदार गेंदबाजी

# बांग्लादेश ने पाकिस्तान को सात विकेट से हराया



भाषा ▶▶ कोलंबो

रूबिया हैदर के नाबाद अर्धशतक और तेज गेंदबाज मारूफा अख्तर की अगुवाई में अपने गेंदबाजों के अनुशासित प्रदर्शन के दम पर बांग्लादेश ने आईसीसी महिला विश्व कप के अपने पहले मैच में बृहस्पतिवार को पाकिस्तान को सात विकेट से हराया। रूबिया ने 77 गेंद में आठ चौकों की मदद से नाबाद 54 रन बनाये। उन्होंने कप्तान निगार सुल्ताना (44 गेंद में 23 रन) के साथ तीसरे विकेट के लिये 62 रन की साझेदारी भी की। बांग्लादेश ने 130 रन का लक्ष्य 113 गेंद बाकी रहते 31.1 ओवर में तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। पाकिस्तान को अब रविवार को भारत से खेलना है जिसने पहले मैच में श्रीलंका को 59 रन से हराया है। बांग्लादेश ने सलामी बल्लेबाज फरजाना हक और शरमीन अख्तर के विकेट जल्दी गंवा दिये जिसके बाद रूबिया ने शुरू में संभलकर खेला। एक बार क्रीज पर जमने के बाद उन्होंने खुलकर स्ट्रोक्स लगाये। उन्होंने 19वें ओवर में पाकिस्तान की अनुभवी स्पिनर नशरा संधू को तीन चौके लगाकर पाकिस्तान को पूरी तरह से दबाव में ला दिया। इससे पहले बांग्लादेश के गेंदबाजों ने अनुशासित प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान को 38.3 ओवर में 129 रन पर समेट दिया। बांग्लादेश के लिये 20 वर्ष की तेज गेंदबाज मारूफा अख्तर ने 31 रन देकर दो विकेट लिये। उन्होंने पहले ही ओवर में सलामी बल्लेबाज ओमाइमा सोहेल और दिग्गज बल्लेबाज सिदरा अमीन को खाता खोले बिना ही आउट करके पाक को करारे झटके दिये। पाक का स्कोर पहले ओवर के बाद दो रन पर दो विकेट था। बायें हाथ की स्पिनर नाहिदा अख्तर ने 19 रन देकर दो विकेट चटकाये। उन्होंने सलामी बल्लेबाज मुनीबा अली (17) और रमीन शमीम (23) को पावरप्ले के ओवरों के ठीक बाद पवेलियन भेजा। पाक का स्कोर पावरप्ले के ओवरों के बाद दो विकेट पर 41 रन था।

### युवा टेस्ट

# दूसरी पारी में बल्लेबाजी किए बिना ही भारत ने ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 को रौंदा



एजेंसी ▶▶ ब्रिसबेन

भारत अंडर-19 टीम ने दो मैचों की श्रृंखला के पहले युवा टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 को बृहस्पतिवार को एक पारी और 58 रन से हराकर इस दौर पर अपना दबदबा कायम रखा। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने मैच के चौथे दिन बृहस्पतिवार को यहां अपनी दूसरी पारी आठ रन पर एक विकेट से आगे से शुरू की। पूरी टीम 49.3 ओवर में सिर्फ 127 रन पर सिमट गई। ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 की पहली पारी में 243 रन के जवाब में भारतीय टीम ने वैभव सूर्यवंशी और वेदांत त्रिवेदी के शानदार शतकों की मदद से 428 रन बनाये थे।

### एक पारी 58 रन से हराया

टीम को दूसरी पारी में बल्लेबाजी की जरूरत नहीं पड़ी। पहली पारी में पांच विकेट झटकने वाले तेज गेंदबाज दीपेश देवेंद्रन ने दूसरी पारी में तीन विकेट चटकाये। खिलान पटेल ने भी तीन विकेट लिए जबकि अनमोलजीत सिंह और किशन कुमार ने दो-दो विकेट लेकर ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों को क्रीज पर समय बिताने का मौका नहीं दिया।

### दूसरा टेस्ट सात अक्टूबर से

श्रृंखला का दूसरा और अंतिम युवा टेस्ट सात अक्टूबर से मैके में शुरू होगा। भारत अंडर-19 टीम ने इससे पहले तीन मैचों की युवा एकदिवसीय श्रृंखला में ऑस्ट्रेलिया-19 को 3-0 से हराया था।

### कोको गाफ चीन ओपन के सेमीफाइनल में



**बीजिंग।** गत चैंपियन कोको गाफ ने बृहस्पतिवार को ईवा लिस को 6-3, 6-4 से हराकर लगातार तीसरे साल चीन ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अमेरिका की दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को बीजिंग में अपनी सर्विस पर परेशानी हुई और उन्होंने ब्रेक-पॉइंट के सात मौके गंवाए। लेकिन अपने करियर का पहला डब्ल्यूटीए खिताब जीतने की कोशिश कर रही जर्मनी की खिलाड़ी लिस उनमें से केवल तीन को ही भुना पाईं। लिस को फ्रेंच ओपन चैंपियन के खिलाफ पांच बार अपनी सर्विस गंवाना भारी पड़ा। गाफ के सामने सेमीफाइनल में अमांडा अनिसिमोवा या विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज जैसमिन पाओलिनी की चुनौती होगी।

# अब बांग्लादेश से कभी नहीं खेल पाएंगे शाकिब, खेल सलाहकार ने किया ऐलान

### शेख हसीना को बधाई देना पड़ा भारी

एजेंसी ▶▶ ढाका

बांग्लादेश के स्पोर्ट्स एडवाइजर आसिफ महमूद ने ये घोषणा की है कि अब शाकिब अल हसन कभी भी अपने देश से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेल पाएंगे। दरअसल, शाकिब ने पूर्व बांग्लादेशी प्रधानमंत्री शेख हसीना के जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी थी और इससे नाराज महमूद ने ये ऐलान किया है। बता दें कि इस ऑलराउंडर ने लगभग 1 साल से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला है।

### इस पोस्ट से शुरू हुआ विवाद

शाकिब ने पूर्व बांग्लादेशी प्रधानमंत्री शेख हसीना के जन्मदिन पर शाकिब ने शुभकामनाएं दी थी। इसके बाद महमूद ने खिलाड़ी का नाम लिए बिना पोस्ट में लिखा, 'आप



सभी ने एक शख्स को बाहर करने के लिए मुझे बहुत गालियां दी हैं, लेकिन मैं सही था। इसके बाद शाकिब ने पोस्ट में लिखा, 'आखिरकार किसी ने मान लिया कि उन्हीं की वजह से मैं बांग्लादेश की जर्सी दोबारा नहीं पहन पाऊंगा। शायद मैं एक दिन अपनी मातृभूमि लौट जाऊंगा। बांग्लादेश, मैं तुमसे प्यार करता हूं।'

# चैंपियंस लीग : पीएसजी ने बार्सीलोना को दी मात, मोनाको-मैनचेस्टर सिटी का मैच ड्रा

एजेंसी ▶▶ बार्सीलोना

गोंकालो रामोस के 90वें मिनट में किये गोल की मदद से पेरिस सेंट-जर्मन ने चैंपियंस लीग फुटबॉल मैच में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए बार्सीलोना को 2-1 से हराया।

उस्मान डेम्बेले, डिजायर डोउए और ख्विचा क्वारात्सखेलिया जैसे अग्रिम पंक्ति के अनुभवी खिलाड़ियों के बिना मैदान में उतरी गत चैंपियन पीएसजी की टीम बार्सीलोना के 'एस्तादी ओलिम्पिक लुईस कंपनीस' स्टेडियम में 1-0 से पिछड़ रही थी। सेने मायुलु ने मैच के 38वें मिनट में बराबरी का गोल दागा जबकि रामोस ने आखिरी क्षणों में गोल कर बार्सीलोना की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। बार्सीलोना के लिए फेरान टोरेस ने 19वें मिनट में मैच का पहला गोल किया था।



### अन्य मैचों का ऐसा रहा हाल

अन्य मैचों में विलारीयाल और युवेंटस का मुकाबला भी 2-2 की बराबरी खत्म हुआ। इसमें रेनाटो वेइगा ने अंत में बराबरी का गोल किया। आर्सेनल ने ओलंपियाकोस को 2-0 से हराकर प्रतियोगिता में अपनी शत प्रतिशत जीत का रिकॉर्ड कायम रखा। नेपोली ने स्पोर्टिंग लिस्बन को 2-1 से शिकस्त दी जबकि बोरूसिया डॉर्टमुंड ने एथलेटिक बिलबाओ को 4-1 से हराया। बेयर लेवरकुसेन और पीएसवी आइंडहोवन के बीच मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा।

### विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिपः क्लब थ्रो और चक्का फेंक में जीते पदक

# धरमबीर और अतुल ने रजत और कांस्य पदक जीते

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गत पैरालम्पिक चैम्पियन धरमबीर नैन और अतुल कौशिक ने विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के छठे दिन बृहस्पतिवार को भारत के लिये क्रमशः पुरूषों के क्लब थ्रो और चक्का फेंक में रजत और कांस्य पदक जीते। पेरिस पैरालम्पिक 2024 में स्वर्ण पदक और विश्व पैरा एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2024 में कांस्य पदक जीतने वाले धरमबीर ने 29.71 मीटर के प्रयास के साथ पुरूषों के क्लब थ्रो एफ51 में दूसरा स्थान हासिल किया। सर्बिया के अलेक्जेंडर रेडिसिच को स्वर्ण और



तटस्थ पैरालम्पिक खिलाड़ी उलादजिस्लाउ हरीब को कांस्य पदक मिला। भारत के प्रणव सूरमा पांचवें स्थान पर रहे। पुरूषों के चक्काफेंक एफ57 वर्ग में कौशिक 45.61 मीटर के थ्रो के साथ तीसरे स्थान पर रहे। लीबिया के महमूद रजब को स्वर्ण और विश्व रिकॉर्डधारी थियागो पोलिनो डोस सांतोस को रजत पदक मिला। पुरूषों की चक्काफेंक एफ37 स्पर्धा के फाइनल में भारत के 19 वर्ष के हानी पहले थ्रो से ही पदक की दौड़ में थे लेकिन जापान के यामातो शिम्बो ने चौथे स्थान से सीधे दूसरा स्थान हासिल करके उन्हें पोडियम से खिसका दिया। छठे दिन भारत को कोई स्वर्ण पदक नहीं मिला और तालिका में मेजबान चार स्वर्ण, पांच रजत और दो कांस्य के साथ चौथे से सातवें स्थान पर खिसक गया। ब्राजील 12 स्वर्ण, 17 रजत और सात कांस्य के साथ शीर्ष पर है जबकि चीन दूसरे स्थान पर है। इससे पहले ईरान के सईद अफरूज ने पुरूषों के भालाफेंक एफ34 में और अल्जीरिया की साफिया जेलाल ने महिलाओं के शॉटपुट एफ57 वर्ग में विश्व रिकॉर्ड बनाया। अफरूज ने 41.52 मीटर के साथ अपना ही 41.16 मीटर का रिकॉर्ड तोड़ा जो उन्होंने पिछले साल कोबे में बनाया था। वहीं साफिया ने अपना 11.62 मीटर का रिकॉर्ड तोड़ते हुए 11. 67 मीटर का थ्रो किया।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25

## चीन नहीं खरीद रहा सोयाबीन

# मुश्किल में अमेरिका के किसान, ट्रंप परेशान, चीनी राष्ट्रपति से करेंगे भेंट

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी किसानों का सोयाबीन नहीं बिकने से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप परेशान हो गए हैं। ट्रंप ने बताया कि अमेरिका के सोयाबीन किसान मुश्किल हालात में हैं, क्योंकि चीन उनसे सोयाबीन नहीं खरीद रहा। इसी वजह से किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। ट्रंप ने बुधवार को कहा कि वे एक महीने के भीतर चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात करने जा रहे हैं। इस बैठक में सबसे बड़ा मुद्दा मुद्दा सोयाबीन पर होगा।

ट्रंप ने अपने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि चीन सिर्फ बातचीत करने के लिए सोयाबीन की खरीद रोक रहा है। अमेरिका और चीन के बीच इस साल की शुरुआत में टैरिफ वॉर हुआ था। अमेरिका ने चीन पर 145% टैरिफ लगाया था। इसके जवाब में चीन ने 125% टैरिफ लगा दिया था। हालांकि दोनों देशों की बातचीत के बाद अमेरिका ने इसे घटाकर 30% कर दिया था। दूसरी तरफ चीन ने अमेरिकी सोयाबीन पर 20% एक्स्ट्रा टैरिफ लगा दिया था, जो अब भी जारी है।

### पूर्व राष्ट्रपति पर लगाया आरोप

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन की आलोचना की, क्योंकि उनके समय में वह ट्रेड डील लागू नहीं हो पाई थी, जिसके तहत चीन को अरबों डॉलर के अमेरिकी कृषि उत्पाद खरीदने थे। दरअसल, 2020 में ट्रंप प्रशासन और चीन के बीच एक फेज वन डील हुई थी। इसके तहत चीन ने अमेरिका से बड़ी मात्रा में कृषि उत्पाद जैसे कि सोयाबीन, मक्का, गेहूं, मांस जैसी चीजें खरीदने का वादा किया था। इसका मकसद अमेरिकी किसानों को फायदा पहुंचाना और दोनों देशों के बीच ट्रेड बैलेंस को बरकरार रखना था। ट्रंप ने दावा किया कि बाइडेन प्रशासन ने इस डील को लागू करने की कोशिश ही नहीं की।



### अर्जेंटीना ने भी अमेरिका को ठगा

अमेरिका में सोयाबीन की दिक्कत से जुड़ी एक तस्वीर काफी वायरल हो रही है। इसमें अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेन्ट यूएन में कृषि मंत्री ब्रुक रोलिंस का मैसेज पढ़ते नजर आ रहे हैं। मैसेज में लिखा है- आखिरकार मुझे एक जानकारी मिली है जो बेहद दुखी करने वाली है। हमने कल अर्जेंटीना को आर्थिक मदद दी और बदले में, अर्जेंटीना अनाज पर अपने निर्यात शुल्क हटा रहा है, अपनी कीमतें कम कर रहा है, और चीन को सोयाबीन का एक बड़ा हिस्सा बेच रहा है। रोलिंस ने चेतावनी दी कि इस कदम से सोया की कीमतें और गिर रही हैं, और यह चीन को अमेरिका पर और ज्यादा बढ़त लेने का मौका दे रहा है। मैसेज के आखिरी में लिखा था, 'मैं विमान पर हूं लेकिन स्कॉट, जब मैं उतरूंगा तो मैं तुम्हें फोन कर सकता हूं।'

## विजयादशमी पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की पाकिस्तान को दो टूक

### आजादी के 78 साल बाद भी विवाद बना हुआ, पाक की नीयत में खोट

# सर क्रीक में की 'हिमाकत' तो बदल देंगे इतिहास और भूगोल

*राजनाथ सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर पर स्पष्ट किया कि भारत ने अपनी शक्ति के बावजूद संयम दिखाया क्योंकि यह कार्रवाई केवल आतंकवाद के खिलाफ थी। हमारा उद्देश्य युद्ध छेड़ना नहीं था, बल्कि आतंकवाद के खिलाफ कड़ा संदेश देना था। मुझे खुशी है कि हमारे सैनिकों ने ऑपरेशन सिंदूर के सभी लक्ष्यों को सफलतापूर्वक हासिल किया*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर उसने सर क्रीक क्षेत्र में कोई भी हिमाकत की तो उसे ऐसा करारा जवाब मिलेगा कि उसका इतिहास और भूगोल दोनों बदल जाएगा। उन्होंने कहा कि 1965 की जंग में भारतीय सेना लाहौर तक पहुंचने का सामर्थ्य दिखा चुकी है और आज भी हमारी सेनाएं कराची तक पहुंचने का रास्ता जानती हैं। विजयादशमी के अवसर पर गुरुवार को रक्षा मंत्री भुज एयरबेस पहुंचे, जहां उन्होंने सेना के जवानों के साथ शस्त्र पूजा की।





विजयादशमी के अवसर पर गुजरात के कच्छ में भुज एयरबेस पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शस्त्रों का पूजन किया

### आतंक के खिलाफ कड़ा संदेश दिया

ऑपरेशन सिंदूर का उल्लेख करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि पाकिस्तान ने लेह से लेकर सर क्रीक तक भारत की डिफेंस प्रणाली को तोड़ने की नाकाम कोशिश की थी, लेकिन भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई में पाकिस्तान के एयर डिफेंस सिस्टम को पूरी तरह नाकाम कर दिया। ऑपरेशन सिंदूर से दुनिया को यह संदेश गया है कि भारतीय सेना जब चाहे, जहां चाहे और जैसे चाहे पाक को भारी नुकसान पहुंचा सकती है।

### हमारे सामने कोई चुनौती टिक नहीं सकती

महात्मा गांधी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि गांधी जी मनोबल का ज्वलंत उदाहरण थे। उन्होंने बिना हथियारों के ब्रिटिश साम्राज्य को झुकने पर मजबूर किया। उन्होंने कहा कि हमारे सैनिकों के पास शस्त्र भी हैं और अटूट मनोबल भी। हमारे सामने कोई भी चुनौती टिक नहीं सकती। उन्होंने कहा कि थल सेना, वायु सेना और नौसेना हमारी शक्ति के तीन स्तंभ हैं और सरकार लगातार तीनों सेनाओं की संयुक्त शक्ति पर जोर दे रही है।

### सैनिक राष्ट्र को अजेय बनाए रखें

रक्षा मंत्री ने शस्त्र पूजा के मौके पर मां दुर्गा से प्रार्थना की कि वे भारतीय सैनिकों को शक्ति और साहस प्रदान करें ताकि वे अधर्म और आतंकी शक्तियों का नाश करते रहें और राष्ट्र को अजेय बनाए रखें। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारतीय सैनिकों और अधिकारियों को विशेष बधाई दी और कहा कि शस्त्र पूजा केवल शस्त्रों का ही नहीं, बल्कि उन्हें धारण करने वाले सैनिकों के सम्मान का प्रतीक है।



शस्त्र पूजन के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने थल सेना अध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी और अन्य सैनिकों को विजय तिलक लगाया।

#### ब्रिटेन के मैनचेस्टर में यहूदी प्रार्थना स्थल के बाहर चाकूबाजी

### 2 की मौत, 4 घायल, पुलिस ने संदिग्ध हमलावर को मारी गोली

एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन के मैनचेस्टर में गुरुवार को एक यहूदी प्रार्थना स्थल (सिनागॉग) के बाहर कार से हमला और चाकूबाजी की घटना हुई। इस हमले में चार लोग घायल हो गए, जिसमें दो की मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि अज्ञात व्यक्ति द्वार यह हमला किया गया। इसमें कार और चाकू का इस्तेमाल किया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। ग्रेटर मैनचेस्टर पुलिस के सशस्त्र अधिकारियों ने 9:38 बजे गोली चलाई। इसमें एक व्यक्ति को गोली मारी गई, जो संदिग्ध माना जा रहा है। एंबुलेंस कर्मचारी 9:41 बजे घटना स्थल पर पहुंचे और उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। सार्वजनिक सदस्यों को उपचार दे रहे हैं।

- इमरजेंसी 'कोबरा' बैठक के लिए डेनमार्क से लौटे पीएम

#### रॉ के पूर्व प्रमुख विक्रम सूद का बड़ा बयान

### भारत की 'तरक्की' नहीं चाहता अमेरिकी डीप स्टेट, राष्ट्रपति ट्रंप इसका हिस्सा नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (आरएंडएडब्ल्यू) के पूर्व प्रमुख विक्रम सूद ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका और पाकिस्तान के संबंध हाल ही में इसलिए मजबूत हुए, क्योंकि भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान संघर्षविराम में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भूमिका के दावे को खंडन कर दिया था। विक्रम सूद ने एक इंटरव्यू में कहा कि अमेरिका में एक 'डीप स्टेट' (गोपनीय तरीके से काम करने वाली ताकत) काम करती है, जो भारत की आर्थिक प्रगति में बाधा डालती है। उन्होंने कहा, अमेरिका-पाकिस्तान संबंध ट्रंप की व्यक्तिगत नाराजगी से शुरू हुए। जब हमने उन्हें संघर्षविराम का श्रेय देने से कथित तौर पर इनकार किया, तब पाकिस्तान कहा- धन्यवाद सर, आप नोबेल पुरस्कार के लायक हैं।



### पाकिस्तान मानवाधिकारों में सबसे 'खराब' रिकॉर्ड वाला देश: भारत

**जिनेवा।** भारत ने जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद (यूएनएचआरसी) के 60वें सत्र में मानवाधिकारों के मुद्दे पर पाकिस्तान के पाखंड को बेनकाब किया। भारत ने पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न को उजागर करते हुए उसकी तीखी आलोचना की। भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए, राजनयिक मोहम्मद हुसैन ने कहा कि यह विडंबना ही है कि मानवाधिकारों के मामले में सबसे खराब रिकॉर्ड वाला देश दूसरे देशों को उपदेश देने की कोशिश कर रहा है। मोहम्मद हुसैन ने मानवाधिकार परिषद की 34वीं बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि वे (पाकिस्तान) भारत के खिलाफ मनगढ़ंत आरोप लगाकर इस मंच का दुरुपयोग करते हैं, जो उनके पाखंड को ही उजागर करता है। दुष्प्रचार का सहारा लेने के बजाय, पाकिस्तान को अपने ही देश में हो रहे धार्मिक और जातीय अल्पसंख्यकों के खिलाफ 'राज्य प्रायोजित उत्पीड़न और व्यवस्थित भेदभाव' की तरफ देखना चाहिए।




### पाकिस्तान से जुड़े तार, 12 पिस्टल और 1.5 किलोग्राम हेरोइन के साथ 5 आरोपी पकड़ाए

**अमृतसर।** अमृतसर पुलिस ने पाकिस्तान से जुड़े एक हथियार और ड्रग तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने 12 पिस्तौल और 1.5 किलो हेरोइन के साथ पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। पंजाब डीजीपी गौरव यादव ने एक्स पोस्ट में बताया कि आरोपियों ने पंजाब में अलग-अलग गिरोहों के बीच विवाद बढ़ाने के लिए सोशल मीडिया के जरिए हथियारों की तस्करी की। अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने पाकिस्तान से जुड़े एक सीमा पार हथियार और नशीले पदार्थों की तस्करी नेटवर्क को ध्वस्त किया, पांच गुर्गों को गिरफ्तार किया और 12 पिस्तौल (.30 बोर) और 1.5 किलोग्राम हेरोइन बरामद की। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी, जोबन सिंह और जशनप्रीत सिंह, पाकिस्तान स्थित तस्करों के सीधे संपर्क में थे।

- **हथियार और ड्रग तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़**

### प्रदर्शनकारियों ने 25 पाक सैनिकों को बनाया बंधक

एजेंसी ▶▶ मुजफ्फराबाद



पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में बुनियादी जरूरतों पर सब्सिडी कटौती का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाबलों के 25 सैनिकों को बंधक बना लिया है। इन जवानों को मानव ढाल की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे सुरक्षा बल कोई सीधी कार्रवाई नहीं कर पा रहे। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि खुफिया एजेंसियां आंदोलन को तोड़ने के लिए गुप्त हमले करा रही हैं। सादे कपड़ों में आए अज्ञात लोग नेताओं को निशाना बनाते हैं और भीड़ में अफरातफरी फैलाते हैं। चार दिन जारी इन प्रदर्शनों में सेना की गोलीबारी में अब तक 10 लोग मारे जा चुके हैं और 100 घायल हैं। पीओके में सेना की गोलीबारी में मारे गए लोगों के लिए प्रार्थना की गई।

- गोलाबारी से 10 की मौत, 100 घायल

